नई दिल्ली, बुधवार 15 जुलाई 2026 ■आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष : 30, अंक : 87 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 31 न्यून.27 haribhoomi.com

# हरिभूमि

गुप्त नवरात्रि आज से

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 9.87% पर

**नई दिल्ली।** देश में महंगाई की मार और तेज हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में थोक



महंगाई दर बढ़कर 9.87% पर पहुंच गई है, जो मई में 9.68% थी। इस उछाल की मुख्य वजह कच्चे तेल, ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई भारी तेजी है। तेल की महंगाई दर रिकॉर्ड 46.48% और कच्चे तेल की महंगाई दर 34.75% दर्ज की गई है। वहीं, ईंधन और बिजली की महंगाई दर भी 27.41% के उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिससे आम जनता और कारोबारियों की चिंताएं बढ़ा दी है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.11% बढ़कर 7.74 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह मजबूत गति से आगे बढ़ रहा है। जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 जुलाई 2026 तक कर संग्रह सालाना आधार पर 16.11 प्रतिशत बढ़कर 7.74 लाख करोड़ रुपए



के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस दमदार बढ़ोतरी में कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स और सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स की मुख्य भूमिका रही है। रिफंड के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 16.4% की बढ़त के साथ 6.51 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

### भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से रौंदा

**बर्मिंघम।** अक्षर पटेल के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (57 रन नाबाद, 4 विकेट) की बदौलत भारत ने पहले वनडे मैच में इंग्लैंड को 6



विकेट से हरा दिया है। एजबेस्टन में इंग्लैंड द्वारा दिए गए 259 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 45.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 262 रन बना लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही; रोहित (11) और कोहली (5) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल ने 80 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा।

---

### हमलों में एक भारतीय नागरिक की हुई मौत, 10 अन्य घायल हैं

# होर्मुज में 2 जहाजों पर हमले की भारत ने की कड़ी निंदा, ईरानी दूत को तलब कर जताया विरोध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में एक बार फिर से भड़के युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय सवार 2 मालवाहक जहाजों पर किए गए ईरान के मिसाइल हमलों की नई दिल्ली ने कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार सुबह इस मामले को लेकर राजधानी में मौजूद ईरान के दूतावास के उप-प्रमुख को तलब कर बेहद सख्त अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया है। एक बयान में मंत्रालय ने बताया कि भारत एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा जहाज पर खाड़ी से गुजरते वक्त हुए हमलों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। हम इन हमलों और उनमें खासतौर पर नाविकों को निशाना बनाए जाने, वैश्विक महत्व के जलमार्गों जैसे होर्मुज में स्वतंत्र और सुरक्षित नौवहन में पहुंचाई जा रही बाधा के भी सख्त खिलाफ हैं।

**जहाजों में सवार थे 30 भारतीयः** दोनों जहाजों में संयुक्त रूप से 46 सदस्यीय चालक दल था। जिसमें भारत के 30 नाविक भी शामिल हैं। एमटी अल बहियाह में 12 भारतीय सवार थे। जिनमें से एक की मौत हो गई है। जबकि दूसरे जहाज एमटी मोम्बासा में सवार भारतीयों की कुल संख्या 18 थी। 9 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 2 गंभीर रूप से जख्मी हैं। अमेरिका और ईरान के बीच पुनः शुरू हुई जंग और क्षेत्र में बढ़ती शत्रुता को लेकर भारत भी चिंतित है और उसने सभी पक्षों से हर प्रकार की कटुता को पूरी तरह से समाप्त करते हुए बातचीत, कूटनीति के रास्ते पर लौटने का पुनः आग्रह किया है। वहीं, बीते 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत से लेकर अब तक खाड़ी क्षेत्र में कुल 13 भारतीयों की मौत हो चुकी है। जबकि 3 अभी तक लापता हैं।



▶▶ नई दिल्ली ने दोहराई सभी पक्षों से संवाद-कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील

▶▶ होर्मुज की खाड़ी में स्वतंत्र-सुरक्षित समुद्री नौवहन और व्यापार को बनाए रखने के पक्ष में भारत

#### बंद होने चाहिए जहाजों पर हो रहे हमले

मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मद्देनजर वैश्विक जलमार्ग क्षेत्र में समुद्री वाणिज्य के लिए एक स्वतंत्र और सुरक्षित नौवहन आवाजाही को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। जिससे जहाजों का आवागमन और बिना किसी रुकावट के व्यापार को फिर से बहाल किया जा सकेगा। व्यापारिक जहाजों और नागरिक ढांचों को इलाके में निशाना बनाना बंद होना चाहिए। यह समूचे क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के भी हित में है। उधर, मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हम पश्चिम-एशिया के घटनाक्रमों (चाबहार बंदरगाह पर हो रहा अमेरिका का हमला शामिल है) पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। भारत होर्मुज के जरिए निर्बाध समुद्री नौवहन, व्यापार को बनाए रखने की मांग करता है। जो दुनिया भर के लोगों की ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री की हालिया समय में की गई खाड़ी क्षेत्र के देशों की यात्रा के दौरान हुई वार्ताओं में भी ऊर्जा का मुद्दा प्रमुखता के साथ शामिल किया गया था। 1 भारतीय नाविक की मौत को लेकर हमने ईरानी दूतावास के उप प्रमुख को मंत्रालय में बुलाकर विरोध दर्ज कराया है।

#### यूएई में एक्टिव मिशन पहुंचाता सहायता

विदेश मंत्रालय ने इन हमलों में मारे गए एक भारतीय नागरिक के परिवार के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का मिशन इस पूरे हालात पर बेहद बारीकी के साथ निगरानी रखते हुए यूएई के स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित कर हमलों से प्रभावित हुए भारतीय नाविकों को हर संभव सहायता प्रदान करने में जुटा हुआ है।

#### ईरान ने क्रूज मिसाइल से किया हमला

गौरतलब है कि यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा पर ईरान ने ओमान की सीमा के भीतर होर्मुज के दक्षिणी मार्ग से गुजरते वक्त क्रूज मिसाइल से हमला किया था। साइप्रस के ध्वज लगे हुए मालवाहक जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर भी ईरान ने हाल ही में हमला किया था। इस घटना के दो दिन बाद अब उसने इन दोनों जहाजों को भी अपना निशाना बनाया है। मोम्बासा एक टैंकर था। जिस पर हुए हमले में एक भारतीय की मौत हो गई। जबकि 8 अन्य घायल हुए हैं (6 भारतीय, 2 यूक्रेन के नागरिक हैं)। 8 में से 4 की हालत गंभीर है।

---

# वैश्विक समुद्री विवादों का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से यूएनसीएलओएस के तहत होना चाहिए : जायसवाल

■ दक्षिण चीन सागर से जुड़े मामले में मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को बताया महत्वपूर्ण मील का पत्थर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को दक्षिण चीन सागर को लेकर अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि वह इस क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक समुद्री नौवहन, निर्बाध वाणिज्य और उड़ान की स्वतंत्रता को बनाए रखने के पक्ष में है। इसके अलावा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (यूएनसीएलओएस) के तहत बनाए गए वैश्विक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए और इन्हीं के अनुरूप तमाम समुद्री विवादों का शांतिपूर्ण ढंग से हल निकाला जाना चाहिए। यह जानकारी ▶▶शेष पेज 5 पर

### पीओके में जारी विरोध-प्रदर्शनों पर भारत की दो टूक

# पाकिस्तान की पुरानी शोषण व्यवस्था को दर्शाते ये प्रदर्शन

वैश्विक समुदाय पर टिकी निगाहें ठहराएगा जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बीते कुछ वक्त से चल रहे आम जनता के विरोध-प्रदर्शनों के बीच मंगलवार को मामले पर नई दिल्ली ने बेहद सख्त अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह तमाम विरोध, प्रदर्शन पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा क्षेत्र में दशकों से चल रही लोगों की शोषण आधारित व्यवस्था, मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, जनता को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखने और प्रशासनिक अत्याचार का ही परिणाम हैं। यह जानकारी रणधीर ने 14 जुलाई को मंत्रालय में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा भारत को उम्मीद है कि पाकिस्तान के इन तमाम कु-कर्मों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय उसे जिम्मेदार ठहराएगा। हमें लगता है कि पीओके में पाकिस्तान ने आमजन की मुश्किलों का हल निकालने के स्थान पर उनके खिलाफ काफी बड़े पैमाने पर पुलिस बल का प्रयोग किया है। ▶▶शेष पेज 5 पर

---

### भारत मंडपम में भारत टेक्स 2026 का आगाज

# 130 देशों के 60 हजार से अधिक खरीदार और प्रदर्शक हुए शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र आयोजन 'भारत टेक्स 2026' का मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा, विभिन्न राज्यों के वस्त्र मंत्री, उद्योग जगत के प्रतिनिधि



और विदेशी प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत टेक्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का परिणाम है, जो आज एक वैश्विक मंच के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस आयोजन में प्रदर्शकों, खरीदारों, विक्रेताओं और आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष 130 देशों से 60 हजार से अधिक खरीदार और प्रदर्शक इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस आयोजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा बड़ी संख्या में उद्यमी भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ▶▶शेष पेज 5 पर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिखाई हरी झंडी।

# राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक तक रवाना हुई मोटरसाइकिल रैली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

26 जुलाई को होने वाली कारगिल युद्ध की 27 वर्षगांठ के पूर्व में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक तक जाने वाली एक



मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। आगामी 13 दिनों के इस सफर में कुल 28 बाइक सवार (सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा बल कर्मी) शामिल हैं। 1900 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह रैली शौर्य विजय यात्रा है। यह यात्रा 1999 में कारगिल युद्ध में जीत सुनिश्चित करने वाले ▶▶शेष पेज 5 पर

---

### 17 को देश की पहली ट्रेनसेट शुभारंभ होगा

# स्वदेशी तकनीक और डिजाइन का अनूठा उदाहरण है देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेनसेट: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा एक बार फिर देश की तकनीकी प्रगति और आधुनिक आधारभूत ढांचे से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल का साक्षी बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेनसेट परियोजना का शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना भारतीय रेल को स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन प्रणाली की दिशा में आगे ले जाने के साथ-साथ विकसित भारत, ग्रीन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी नई मजबूती प्रदान करेगी।

पीएम मोदी ग्रीन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाले प्रोजेक्ट का जींद में 17 जुलाई को करेंगे शुभारंभ



मुख्यमंत्री ने कहा कि जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेनसेट परियोजना भारतीय रेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके माध्यम से भारत हाइड्रोजन ईंधन आधारित रेल परिवहन के क्षेत्र में निर्णायक कदम रख रहा है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में दूरगामी परिणाम देने वाली सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि ब्रॉड गेज पर संचालित होने वाला यह ट्रेनसेट दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन संचालित ट्रेनों में से एक होगा। इसमें दो ड्राइविंग पावर कार तथा आठ यात्री कोच सहित कुल दस कोच होंगे। लगभग 2,400 किलोवाट की संयुक्त शक्ति क्षमता से लैस यह ट्रेन भारतीय रेलवे की तकनीकी क्षमता और आधुनिक इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस ट्रेन का डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण पूर्णतः स्वदेशी है। यह उपलब्धि मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के साथ भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की दक्षता को भी रेखांकित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से हरियाणा, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़े इलाकों को ▶▶शेष पेज 5 पर



**खबर संक्षेप**

## यमुना में डूबे चार किशोर 48 घंटे बाद भी लापता

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाना क्षेत्र के हिरणकी स्थित यमुना नदी में डूबे चारों किशोरों का मंगलवार देर शाम तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया। रविवार शाम से सर्च ऑपरेशन शुरू होने के करीब 48 घंटे बीतने पर रेस्क्यू टीम के हाथ खाली है। उधर लापता किशोरों के परिजनों का रो रोककर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि आशंका है कि तेज बहाव के चलते चारों काफी दूर तक बह गए है। लेकिन जब तक चारों किशोरों का पता नहीं चल जाता, तब तक सभी एजेंसियों के साथ मिलकर तलाशी अभियान जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार मंगलवार दिनभर एनडीआरएफ, दमकल विभाग और बोट क्लब की टीमें तलाशी अभियान में जुटी रही। सोमवार से लगातार चल रहे अभियान के तहत गोताखोरों ने यमुना के कई हिस्सों में तलाश की है। रेस्क्यू टीमें अलीपुर से कश्मीरी गेट की दिशा तक लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। लेकिन चारों बच्चों के शव बरामद नहीं हो पाए। ज्ञात हो कि रविवार शाम हिरणकी गांव के पास यमुना में नहाने के दौरान दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले चारों छात्र व एनसीसी कैडेट अमनदीप, राहुल, अंशु व सौरभ तेज बहाव में बह गए थे। तलाश अभियान के दौरान मौके पर परिजन मौजूद रहे। समय बीतने के साथ परिजनों की चिंता और मायूसी भी लगातार बढ़ती जा रही है। अमनदीप के भाई उदय ने बताया कि वह नदी में डूबे भाई की तलाश के लिए कालिंदी कुंज व वजीराबाद भी गया था लेकिन कुछ भी पता नहीं चला।

## ओडिशा से दिल्ली तक फैले ड्रग्स सिंडीकेट का खुलासा, तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और दिल्ली के बीच चल रहे अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 26.35 किलो गांजा जब्त हुआ है। पुलिस सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने, वित्तीय लेनदेन का पता लगाने और अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों के नेटवर्क के पिछले और अगले लिंक का पता लगाने की कोशिश में जुटी हैं। स्पेशल सीपी एच जी एस धालीवाल के अनुसार अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में राहुल कुमार उर्फ टुटान, पमुलापति श्रीनिवास उर्फ अन्ना और प्रतिनिधि कराड को गिरफ्तार किया गया। दरअसल एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-2 टीम ने एक आरोपी को तब रंगे हाथों पकड़ा जब वह द्वारका में डिलीवरी के लिए प्रतिबंधित सामान ले जा रहा था। जांच के दौरान सप्लाई के स्रोत का पता ओडिशा और आंध्र प्रदेश में चला। इसके बाद बिचौलिए और मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी हुई। इस ऑपरेशन से अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को बड़ा झटका लगने की उम्मीद पुलिस ने जताई है।

## गिरजाघर में चोरी करने वाले दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** पीतमपुरा स्थित एक गिरजाघर में चोरी करने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से गिरजाघर से चोरी हुआ कैंडल स्टैंड समेत अन्य सामान और कंप्यूटर मॉनिटर बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार पीतमपुरा के जीपी ब्लॉक स्थित मुक्ति आराधनालय चर्च में आठ-नौ जुलाई की दरमियानी रात को चोरी हुई थी। चोर धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार की लोहे की ग्रिल तोड़कर परिसर में घुसे थे। जांच के दौरान एक पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया और स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई। जांच के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया। मामले में फरार अन्य आरोपियों को पकड़ने एवं चोरी किया गया शेष सामान बरामद करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी ड्राइवर घायल

**नई दिल्ली।** शाहदरा के मुस्कान चौक स्थित अंडरपास रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार के कारण एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार चालक को मामूली चोटें आई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। चालक को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के चलते कुछ देर के लिए इलाके का यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार घटनास्थल से हटवाकर यातायात सामान्य करवाया। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन से नियंत्रण खोना माना जा रहा है।

### छह आधुनिक हथियार और आठ कारतूस बरामद

# गोल्डी बरार-लिपिन नेहरा गैंग के दो कुख्यात बदमाशों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने गोल्डी बरार-लिपिन नेहरा गैंग के दो कुख्यात बदमाशों को पकड़ा है। इनसे छह आधुनिक हथियार और आठ कारतूस बरामद किये गये। बदमाशों के नाम रणदीप उर्फ रिंकू (36) निवासी झज्जर और हितेश कुमार (23) निवासी रेवाड़ी, हरियाणा बताये गये हैं। इनके पास से बरामद हथियारों में दो सिंगल-शॉट पिस्टल शामिल हैं। ये आरोपी हरियाणा में रंगदारी के लिए की गई फायरिंग की एक सनसनीखेज घटना के मुख्य साजिशकर्ता थे। लिपिन नेहरा के कहने पर अवैध हथियारों की सप्लाई और रंगदारी से वसूली गई रकम गैंग के सदस्यों तक पहुंचाने में इनकी भूमिका का पता चला। बरामद हथियारों के स्रोत का पता लगाने और गैंग के अन्य सदस्यों व साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार मार्च 2025 में लिपिन नेहरा के कहने पर आरोपी हितेश कुमार ने अपने साथियों लक्ष्य, अरविंद, विपिन, रामजीत, जीवा नेहरा, जितेंद्र, अमित कटारिया, रोहित राठी और पवन नेहरा के साथ मिलकर पटौदी के रहने वाले एक व्यवसायी रवि से 1 करोड़ की रंगदारी की मांग की थी। इस रंगदारी मामले में उन सभी को गिरफ्तार किया गया था और वे न्यायिक हिरासत में रहे थे। पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि कनाडा से काम कर रहा गैंगस्टर लिपिन नेहरा भारत में अपने साथियों को एनक्रिप्टेड सिग्नल ऐप के जरिए अवैध हथियारों की खेप लेने का निर्देश दे रहा था। पता चला कि लिपिन नेहरा ने सिग्नल ऐप के जरिए भारत में अपने साथी से संपर्क किया और उसे खेप लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के सरधना पहुंचने का निर्देश दिया था। सिंडिकेट ने हथियारों की खेप लेने के लिए खास तौर पर हितेश और रणदीप राठी को भेजा था। इसके अलावा जानकारी मिली थी कि इस खेप का इस्तेमाल संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य हिंसक आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करने वाले थे। इन गतिविधियों में संभावित गैंगवॉर और रंगदारी से जुड़े अपराध शामिल थे, जिनका मकसद सिंडिकेट की गैर-कानूनी गतिविधियों को आगे बढ़ाना और उसके आपराधिक नेटवर्क को मजबूत करना था। पुलिस ने ताजपुर के पास यूईआर-2 पर जाल बिछाकर कार सवार बदमाशों को पकड़ा।

## स्कूल बस ने ई रिक्शा को टक्कर मारी, 12 वर्षीय छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार को सुबह एक स्कूल बस और ई-रिक्शा की टक्कर में 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मृतक छात्रा प्रियांशी सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी बस चालक को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना सुबह करीब पौने सात बजे पीसीआर कॉल के जरिए मिली, जिसके बाद एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला कि कमल सिंह (55) निवासी कौशिक एंक्लेव बुराड़ी द्वारा चलाई जा रही स्कूल बस ने स्कूली बच्चों को ले जा रहे ई-रिक्शा को टक्कर मारी थी। ई-रिक्शा अजय प्रसाद (45) निवासी मस्जिद चौक मुकंदपुर चला रहा था। टक्कर के दौरान ई-रिक्शा में सवार 12 वर्षीय छात्रा प्रियांशी नीचे गिर गई और बस ने उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल प्रियांशी को तत्काल जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। लड़की मुकुंदपुर के रामा गार्डन इलाके की रहने वाली थी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को कब्जे में ले कर स्कूल बस चालक को हिरासत में ले लिया है। आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रॉबिन शाह, पुत्र हरक शाह निवासी बी-81, सुदामा पुरी, मोती नगर, दिल्ली** और **ग्राम बेलदाड़ी, थाना बेलदाड़ी, जिला कंचनपुर, नेपाल** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 249/2015 दिनांक 22.09.2015 भा.द.सं. की धारा 457/380/511/34 के तहत, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रॉबिन शाह** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रॉबिन शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 249/2015 दिनांक 22.09.2015 भा.द.सं. की धारा 457/380/511/34 के तहत, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रॉबिन शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **06.11.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंघल
एलडी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, केन्द्रीय जिला
कमरा नं.286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9553/N/2026

## 9.79 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा लूटने के मामले में दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली पुलिस ने विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़ी एक कंपनी के कर्मचारी से 9.79 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा लूटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी ग्राहक बनकर विदेशी मुद्रा विनिमय कंपनी से फोन पर संपर्क किया और विदेशी मुद्रा हासिल करने के लिए एजेंट को मधु विहार बुलाया, जहां आरोपियों ने तकरीबन 9.79 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा लेकर पहुंचे कर्मचारी पर 'पेपर स्प्रे' कर लूट लिया था।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार नोएडा स्थित कंपनी के एक कर्मचारी हरे कृष्ण जाना (42) को छह जुलाई को मधु विहार के साई चौक पर 5,500 यूरो तत्काल पहुंचाने का ऑर्डर मिला था। कॉल करने वाले ने खुद को मिस्टर सिंह के रूप में पेश किया और पूरी यात्रा के दौरान हरे कृष्ण के संपर्क में रहा तथा अपनी 'लाइव लोकेशन' भी साझा की, जिससे कर्मचारी को किसी तरह का शक नहीं हुआ। डीसीपी ने कहा कि हरे कृष्ण के पास 5,500 यूरो, 35,000 थाई बहत, 2,600 अमेरिकी डॉलर, 1,200 चीनी युआन और 10,000 रुपये नकद थे तथा इसकी कुल कीमत लगभग 9.79 लाख रुपये आंकी गई थी। जब हरे कृष्ण निर्धारित स्थान पर पहुंचा तो उसे एक कार के अंदर बैठने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जैसे ही वह वाहन में घुसा, तीन लोगों ने उस पर 'पेपर स्प्रे' डाला तथा विदेशी मुद्रा एवं नकदी से भरा बैग छीनकर भाग गए। इस बाबत पांडव नगर थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जल्द पता लगा लिया कि लूट फर्जी पहचान के आधार पर की गई है। पुलिस ने तकनीकी निगरानी, कॉल रिकॉर्ड के विश्लेषण, डिजिटल जांच और स्थानीय स्तर पर पूछताछ के आधार पर आरोपियों कार्तिक (20) और कवलजीत (23) को मेरठ से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी सबूतों से सामना कराए जाने के बाद उन्होंने अपराध में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। कार्तिक ने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और वह मेरठ में बागपत रोड पर एक मोबाइल फोन की दुकान चलाता है, जबकि कवलजीत 12वीं कक्षा तक पढ़ा है तथा उसी इलाके में एक डेरी बूथ पर सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता है।

## 70 लाख कीमत की 43 चोरी हुई आरआरयू बरामद, चार दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने रिमोट रेडियो यूनिट्स (आरआरयू) की चोरी और गैर कानूनी एक्सपोर्ट में शामिल अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे लगभग 70 लाख कीमत की 43 चोरी हुई आरआरयू बरामद हुई हैं। इस गिरफ्तारी से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और हरियाणा में 19 मामले सुलझाए गए हैं। जांच से पता चला है कि यह गिरोह नकली इनवॉइस और पावर सप्लाई पॉइंट के तौर पर गलत जानकारी देकर एयरलाइन कार्गो के जरिए हांगकांग को चोरी का टेलीकॉम सामान एक्सपोर्ट कर रहा था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार पकड़े गये चारों आरोपियों के नाम हेमंत गुप्ता (31) निवासी हर्ष विहार, दिल्ली, विकास पासवान (30) निवासी संगम विहार, दिल्ली, फरीद (28) निवासी गाजियाबाद और शेर मोहम्मद (27) निवासी मेरठ, उत्तर प्रदेश हैं। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह गिरोह मोबाइल टावरों से चोरी की गई आरआरयू हासिल करता था और नकली कागजात व गलत जानकारी देकर कूरियर सेवाओं के जरिए हांगकांग में खरीदारों को एक्सपोर्ट करता था। रिमोट रेडियो यूनिट्स जिन्हें रिमोट रेडियो हेड्स (आरआरएच) भी कहा जाता है, मोबाइल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर के अहम हिस्से हैं। वायरलेस बेस स्टेशनों पर लगाए जाने वाले ये यूनिट्स वॉयस और डेटा सेवाओं के ट्रांसमिशन और रिसेप्शन में मदद करते हैं। इन यूनिट्स की चोरी से टेलीकॉम सेवाओं में बड़ी रुकावट आती है और सर्विस प्रोवाइडर्स को भारी आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि नेटवर्क कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए उन्हें चोरी हुए उपकरणों को बदलना पड़ता है। कई राज्यों में टेलीकॉम टावरों से आरआरयू की चोरी कुछ समय से बढ़ती जा रही है। इस बारे में मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने ऐसी जानकारी जुटाई जिससे पता चला कि चोरी किए गए आरआरयू को दिल्ली के ट्रांस यमुना इलाके में जमा किया जा रहा था। यह इलाका ट्रांजिट और स्टोरेज हब के तौर पर काम कर रहा था। एक खास टीम ने लगातार निगरानी और तकनीकी विश्लेषण किया और सिंडिकेट के मुख्य सदस्यों की पहचान की। जांच से पता चला कि चोरी किए गए आरआरयू दिल्ली में मौजूद रिसीवरों को सप्लाई किए जाते थे, जिनके हांगकांग में खरीदारों से संबंध थे। चोरी की खेप को महिपालपुर में काम करने वाली कूरियर एजेंसियों के जरिए एयरलाइन कार्गो से एक्सपोर्ट किया जाता था। पकड़े जाने से बचने के लिए नकली इनवॉइस तैयार किए जाते थे और खेप को गलत तरीके से पावर सप्लाई पॉइंट उपकरण बताया जाता था। महिपालपुर में एक गोदाम और कूरियर ऑफिस के पास जाल बिछाया गया था जहां से कुल 43 चोरी किए गए आरआरयू बरामद किए गए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त 1, **किशन, पुत्रः** बाबू लाल, पताः 23, फेज-II, विजय विहार, सेक्टर-4, रोहिणी, दिल्ली, 2. **अनिल कुमार, पुत्रः** मोहेंदर सिंह, म.नं. E-165, विजय विहार, फेज-II, सेक्टर-4, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR No. 346/21, U/s: 356/379/411/34 IPC, थानाः स्वरुप नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **किशन और अनिल कुमार,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **किशन और अनिल कुमार,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.346/21, U/s: 356/379/411/34 IPC, थानाः स्वरुप नगर, दिल्ली,** के उक्त दोनों अभियुक्त, **किशन और अनिल कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
उत्तर, भूतल, कमरा नं. 06
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9653/ON/2026
(Court Matter)

## केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा संग महापौर की बैठक



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में केंद्रीय राज्य मंत्री केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग व भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की अध्यक्षता में महापौर प्रवेश वाही संग गाजीपुर डंप साइट पर लिगेसी वेस्ट के निस्तारण की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। गाजीपुर डंप साइट को लेकर हुई इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री मल्होत्रा, महापौर वाही, निगमायुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, अभियंता-प्रमुख पी.सी. मीणा सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा ने अधिकारियों को बायो-माइनिंग कार्य में और तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा से पूर्व कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिल्ली की तीनों लिगेसी वेस्ट डंप साइटों भलस्वा, ओखला और गाजीपुर पर चल रहे बायो-माइनिंग एवं वैज्ञानिक निस्तारण कार्यों की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि तीनों डंप साइटों पर अब तक कुल 95 एकड़ भूमि पुन प्राप्त की जा चुकी है। जिसमें भलस्वा में 45 एकड़, ओखला में 30 एकड़ तथा गाजीपुर में 20 एकड़ भूमि शामिल है। यह पुनः प्राप्त भूमि दिल्ली के शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने तथा सतत एवं योजनाबद्ध भूमि उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में बताया गया कि जुलाई 2022 से जुलाई 2026 के बीच एमसीडी ने तीनों लैंडफिल साइटों पर कुल 212.60 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का सफलतापूर्वक बायो-माइनिंग के माध्यम से निस्तारण किया है। यह उपलब्धि दिल्ली की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 109.50 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु एकीकृत बायो-माइनिंग कार्यों के तृतीय चरण के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं। इस चरण के पूरा होने के बाद तीनों डंप साइटों पर लिगेसी वेस्ट का पूर्णत निस्तारण संभव हो सकेगा।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO.23/CWD-2/ VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED 13.06.2026 (ONLINETENDERID NO. 2026_HBC_529005_1 | "बोली खुलने की तिथि 14.07.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.19/CWD-2/ VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED 29.05.2026 (ONLINETENDERID NO. 2026_HBC_525282_1 | "बोली खुलने की तिथि 14.07.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/47157/I/88/7 दि. 14.07.26

**यात्रीगण कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि तक | विस्तारित अवधि | | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | से | तक | |
| 05193 | छपरा | पठानकोट | साप्ताहिक (सोम) | 13.07.2026 | 20.07.2026 | 28.09.2026 | 11 |
| 05194 | पठानकोट | छपरा | साप्ताहिक (बुध) | 15.07.2026 | 22.07.2026 | 30.09.2026 | 11 |
| 09611 | अजमेर जं. | योग नगरी ऋषिकेश | साप्ताहिक (बुधवार) | 15.07.2026 | 22.07.2026 | 30.09.2026 | 11 |
| 09612 | योग नगरी ऋषिकेश | अजमेर जं. | साप्ताहिक (गुरुवार) | 16.07.2026 | 23.07.2026 | 01.10.2026 | 11 |
| 04731 | श्री गंगानगर | समस्तीपुर जं. | साप्ताहिक (रवि) | 28.06.2026 | 26.07.2026 | | 01 |
| 04732 | समस्तीपुर जं. | श्री गंगानगर | साप्ताहिक (मंगलवार) | 30.06.2026 | 28.07.2026 | | 01 |

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# साइबर धोखाधड़ी के मामले में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिसने 2.47 लाख की धोखाधड़ी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह म्यूल बैंक अकाउंट रैकेट था। आरोपी 'ब्लू डार्ट' कूरियर डिलीवरी के बहाने धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मो. अरबाज दानियाल उर्फ लब्बू, जिमी बथला, अब्दुल वदूद और अनिकेत वर्मा शामिल हैं।

डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार बाबरपुर निवासी सतेंद्र जो दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं की शिकायत पर 16 जून को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता को एक पार्सल की डिलीवरी के संबंध में 'ब्लू डार्ट' कूरियर एग्जीक्यूटिव बनकर एक धोखेबाज का फोन आया। कॉलर ने धोखे से उन्हें एक नंबर डायल करने और अपने मोबाइल पर कॉल और मैसेज फॉरवर्डिंग चालू करने के लिए मनाया। नतीजतन बैंकिंग ओटीपी सहित सभी इनकमिंग कॉल और एसएमएस धोखेबाजों द्वारा नियंत्रित नंबरों पर डायवर्ट हो गए, जिससे वे शिकायतकर्ता के बैंक खाते से 2.47 लाख निकालने में सफल रहे। जांच के मनी ट्रेल का पता लगाया गया। पता चला कि धोखाधड़ी की रकम का एक हिस्सा लगभग 80 हजार मो. अरबाज के बैंक खाते में जमा किया गया था। आगे की जांच से पता चला कि यह खाता जानबूझकर साइबर धोखाधड़ी से मिली रकम को प्राप्त करने और ट्रांसफर करने के लिए 'म्यूल बैंक अकाउंट' के तौर पर खोला और चलाया गया था। तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग रिकॉर्ड और फील्ड वेरिफिकेशन के जरिए, काशीपुर (उत्तराखंड), मिर्जापुर, लखनऊ और सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) में म्यूल अकाउंट चलाने वाले लाभार्थियों और मदद करने वालों की पहचान की गई। कई जगहों पर छापेमारी के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम (एमजीपीएस) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा। | 16.07.2026 03.08.2026 | ईएमडी 70000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (डाइक्लोफेनैक जैल, टैब. एस्कॉर्बिक एसिड, टैब. अटोर्वस्टाटिन, टैब. फॉलिक एसिड इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 16.07.2026 23.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | लॉंड्री सेवाओं की आउटसोर्सिंग। | 16.07.2026 29.07.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 4 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | मेडिकल गैसों (नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड और मेडिकल ऑक्सीजन गैस) की खरीद। | 16.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 5 | वन विभाग सिरसा | राज्य और कैम्पा स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रेंज में नया पौधारोपण और कार्यों का रखरखाव। | 14.07.2026 22.07.2026 | 1332.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/100/47173/I/88/7 दि. 14.07.26





## डीएमआरसी, डीएलडब्ल्यूओ, एसयूएलएम और रीसाइक्लिंग संस्थाओं के बीच हुआ एमओयू

# महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है दिल्ली सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विभिन्न संगठनों के बीच हुए एक एमओयू के तहत दिल्ली मेट्रो के 10 स्टेशनों पर 'अर्पण' नाम से संग्रह केंद्र बनाए जाने की जानकारी देते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल टेक्सटाइल कचरे को कम करेगी, बल्कि नागरिकों को एक स्वच्छ और सस्टेनेबल दिल्ली के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने के लिए भी प्रेरित करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और डीएमआरसी लेडीज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (डीएलडब्ल्यूओ) ने दिल्ली सरकार के राज्य शहरी आजीविका मिशन (एसयूएलएम) और टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग से जुड़ी संस्थाओं 'क्लोथस बॉक्स फाउंडेशन' और 'रेस्पन' के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार व संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस पहल के तहत दिल्ली में पुराने कपड़े दान करने की योजना (ओल्ड क्लोथस डोनेशन प्रोजेक्ट) की शुरुआत की जा रही है। इसका उद्देश्य पुराने और उपयोग किए गए कपड़ों को लैंडफिल में जाने से रोकना, टेक्सटाइल कचरे को कम करना और रीसाइक्लिंग और अपसाइक्लिंग के माध्यम से सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है।




### अनुपयोगी कपड़े एकत्र करने के लिए 'अर्पण' नाम से संग्रह केंद्र बनाए जाएंगे

इस परियोजना के तहत लोगों के घरों में रखे अनुपयोगी कपड़े एकत्र करने के लिए दिल्ली मेट्रो के 10 स्टेशनों पर 'अर्पण' नाम से संग्रह केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही, रिसाइकल और अपसाइकिल किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए कियोस्क (बूथ) भी लगाए जाएंगे। पहले चरण में अगले कुछ दिनों के भीतर शाहदरा, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, मालवीय नगर, हौज खास, द्वारका, मोहन एस्टेट, लाजपत नगर, मयूर विहार फेज-1, पंजाबी बाग वेस्ट और शालीमार बाग मेट्रो स्टेशनों पर 'अर्पण' केंद्र शुरू किए जाएंगे। यहां नागरिक सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक अपने पुराने कपड़े आसानी से दान कर सकेंगे।

### विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किए जाएंगे कपड़े

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि एकत्र किए गए कपड़ों को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। पहली श्रेणी में ऐसे वस्त्र होंगे, जिनसे स्वयं सहायता समूह बैग, सजावटी वस्तुएं और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार कर सकेंगे। दूसरी श्रेणी में पूरी तरह अनुपयोगी कपड़ों को रिसाइकल कर नए उत्पादों और कच्चे माल में बदला जाएगा। इसके अतिरिक्त, पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले वस्त्रों और अन्य धार्मिक सामग्री का भी सम्मानपूर्वक दोबारा उपयोग और उसे रिसाइकल किया जाएगा ताकि लोगों की भावनाओं का सम्मान बना रहे।

# अंकित की हत्या में शामिल है ताहिर हुसैन : कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि ताहिर हुसैन आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या में शामिल है, यह न्यायालय में साबित हो गया है और उसे दोषी करार दिया गया है। हमारा यह मानना है कि यह मामला रेयरेस्ट ऑफ द रेयर मर्डर है और ताहिर हुसैन, उसके साथियों तथा उनके मास्टरमाइंड्स के द्वारा दिल्ली में एक भयानक साजिश रची गई। हम यह भी मानते हैं कि ताहिर हुसैन केवल एक्टर है, इस पूरे घटनाक्रम का डायरेक्टर कोई और है, मास्टरमाइंड कोई और लोग हैं। ताहिर हुसैन के हाथों में खंजर दिया गया, लेकिन देने वाले, चलवाने वाले और इसका नैरेटिव बनाने वाले लोग अभी भी बचे हुए हैं। जिन लोगों ने सड़कों को बंद किया, उन्हीं लोगों ने आग लगाई, उन्हीं लोगों ने दंगे किए, उन्हीं लोगों ने हत्याएं कीं। सड़कों को बंद करने के लिए जो लोग बैठे थे, जिन बस्तियों से सड़कें बंद करने वाले आए थे, ताहिर हुसैन और उसके साथी उसी बड़ी साजिश का हिस्सा थे। यह एक बड़ी साजिश है दिल्ली के खिलाफ, जिसमें पहले चारों तरफ से सड़कों को बंद करो और उसके बाद हिंदुओं का चुन-चुनकर नरसंहार करो, हिंदुओं की हत्या करने की साजिश थी। दिल्ली दंगों का पूरा घटनाक्रम चुन-चुनकर हिंदुओं को मारने की साजिश था।



कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि दिल्ली दंगों के दौरान एक नौजवान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा, जो निरपराध, बेगुनाह, निःशस्त्र थे, अपने घर से केवल कुछ सामान लेने के लिए निकले थे, उनको खींचकर ताहिर हुसैन के घर में ले जाया गया और ले जाने के बाद जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, वह बताती है कि अंकित शर्मा को 51 बार चाकुओं से गोदा गया। यानी कि अंकित शर्मा की मृत्यु हो जाने के बाद भी ताहिर हुसैन और उसके जैसे लोग अंकित शर्मा के शव पर भी चाकुओं से वार करते चले गए और पूरी तरह से क्षत-विक्षत शरीर को नाले में फेंक दिया गया।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दो दिन लगे ढूंढने में और दो दिन के बाद उस नाले से अंकित शर्मा का शव, हाथ में रस्सी बंधी हुई अवस्था में जब निकाला गया, वह दर्दनाक और पीड़ादायक दृश्य पूरे देश ने देखा। मुझे नहीं लगता ऐसा कोई भी इंसान होगा जिसकी आंखों में आंसू नहीं आ गए होंगे उस दृश्य को देखकर।

# निगम की 12 वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान आज, दो जोन में निर्विरोध परिणाम

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 12 वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए आज बुधवार को होने वाले चुनाव केवल जोनल नेतृत्व ही तय नहीं करेंगे, बल्कि निगम की सबसे प्रभावशाली स्थायी समिति के गठन की दिशा व दशा तय करेंगे। इस बार जहां भाजपा व आप पार्टी में सीधे 10 जोन में कड़ा मुकाबला है। वहीं लगभग दो जोन में चुनाव पूर्व ही निर्विरोध परिणाम तय हो चुके हैं। इनमें करोल बाग जोन में भाजपा के पास आवश्यक तीन पार्षद नहीं होने से वह उम्मीदवार नहीं उतार सकी, जिससे यहां आप की निर्विरोध जीत तय है। वहीं केशवपुरम जोन में भाजपा निर्विरोध जीत दर्ज करने जा रही है क्योंकि यहां आम आदमी पार्टी के पास पर्याप्त संख्या में पार्षद नहीं है।

दूसरी तरफ इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के (आईवीपी) के 16 पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद रोहिणी और सिटी एसपी जोन आदमी पार्टी के हाथों से दरकता नजर आ रहा है। रोहिणी जोन में भाजपा व आप पार्टी के बीच बेशक कांटे की टक्कर हो। लेकिन असली भूमिका तो यहां कांग्रेस के पार्षदों का रहेगा जो जिसकी तरफ झुकेगा उसकी जीत तय करेगा। यानी कांग्रेसी पार्षद संभावित क्रॉस वोटिंग करेंगे जो जीत हार का कारण बनगें। सेहिणी जोन में आप के 11 पार्षद है, जबकि भाजपा के पास 8 पार्षदों का आंकड़ा था, लेकिन आईवीपी के 2 पार्षद के भाजपा में शामिल होने से यह आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। ऐसे में जाहिर है कि रोहिणी में कांग्रेस के 2 पार्षदों की क्रास वोटिंग भाजपा या आप पार्टी के लिए रामबाण साबित होगी। ऐसे में अगर कांग्रेसी पार्षद मतदान ही न करे तो कहा जा सकता है कि आप की सत्ता कांग्रेस की मेहरबानी से बरकरार रहेगी। यदि कांग्रेसी पार्षद भाजपा के पक्ष में मतदान करते हैं तो रोहिणी जोन में भी कमल खिलना तय मानिए।

### सिटी एसपी जोन में आप को खतरा एआईएफबी पार्षद अहम भूमिका में

यहीं हाल अब आप के कब्जे में रहे सिटी-एसपी जोन का भी है। यहां आप के 7 पार्षद है जबकि भाजपा के पास 3 पार्षद थे, लेकिन अब इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के विलय से 1 पार्षद और भाजपा में जुड़ने से इनकी संख्या बढ़कर अब 4 हो गई है। वहीं इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के मुखिया अगर आप के एक पार्षद को तोड़कर क्रॉस वोटिंग कराने में सफल होते है तो ऐसे में यहां ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ( एआईएफबी) के पार्षद मो. इमरान अहम भूमिका निभा सकते है। आंकड़ों के इस खेल में अगर ऐसा हुआ तो यहां आप व भाजपा के बराबर वोट हो जाएगें। ऐसे में लॉटरी द्वारा चेयरमैन का चुनाव होगा। इस आंकड़े को आप पार्टी अच्छे से समझ रही है और इसलिए ही आप पार्टी के पार्षद व नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग अभी से आरोप लगा रहे है कि एआईएफबी के मो. इमरान भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे।

## 27 जुलाई से त्यागराज स्टेडियम में सजेगा वैश्विक खेल मंचः मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक वैश्विक खेल मंच का आयोजन होने जा रहा है जिसमें दिल्ली के लिए गर्व की बात है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के आधिकारिक शुभंकर 'मयूर' के अनावरण के बाद यह बात कही। दिल्ली को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय राजधानी की आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, बेजोड़ संगठन क्षमता और वैश्विक खेलों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप के बहुप्रतीक्षित आधिकारिक ट्रेलर को भी लॉन्च किया। शुभंकर 'मयूर' के प्रतीकात्मक महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आधिकारिक शुभंकर 'मयूर' भारत के राष्ट्रीय पक्षी से प्रेरित है, जो ऊर्जा, उत्साह, जीवंतता और सकारात्मकता का संचार करता है। विशेष बात यह है कि मयूर के पंखों में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी देशों के राष्ट्रीय ध्वजों को खूबसूरती से पिरोया गया है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' और खेल भावना के वैश्विक संदेश को दर्शाता है। नई दिल्ली स्थित द ललित होटल में आयोजित इस भव्य समारोह में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई), कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन के पदाधिकारी, विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, खिलाड़ी, खेल जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# रैली के लिए सीजेपी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर, वांगचुक की हालत खराब, केजरीवाल, भाकियू का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना मंगलवार को 25वें दिन भी जारी रहा। सीजेपी ने 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद तक रैली को लेकर एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। वहीं सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल लगातार 17वें दिन भी जारी है लेकिन हालत पहले से ज्यादा खराब होने लगी है।




इसके अलावा सीजेपी को अब आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुले रूप से समर्थन देने की घोषणा कर दी है। वहीं मंगलवार को किसान संगठन भाकियू के नेताओं के अलावा फिल्म कलाकार स्वरा भास्कर, गुजरात के पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला, समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज आदि मिलने पहुंची।

इसके अतिरिक्त किसानों के संगठन भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने भी अपना पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत पर चिंता जताते हुए सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि अनशन के 17वें दिन उनकी शारीरिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। अब उनके शरीर में मांसपेशियां भी कमजोर पड़ने लगी हैं और उन्हें काफी दर्द का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है।

दीपके ने बताया कि आंदोलन से जुड़े कई लोगों की तरह उन्होंने भी वांगचुक से अनशन खत्म करने का आग्रह किया है। लेकिन वांगचुक ने जवाब दिया है कि मुझसे अनशन खत्म करने के लिए मत कहिए। उन्होंने कहा कि सरकार से पूछिए कि वह बातचीत करने को तैयार क्यों नहीं है। दीपके ने कहा कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकाला जाएगा। इसी बीच मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में जंतर-मंतर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने सीजेपी के साथ एकजुटता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने 20 जुलाई को छात्रों के प्रस्तावित संसद मार्च में देशभर के किसानों और नागरिकों से शामिल होने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार छात्रों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो भारत बचाओ मोर्चा के बैनर तले 21 जुलाई को देशभर के किसान संसद की ओर मार्च करेंगे।

### केजरीवाल ने कहा, कल मिलने जाउंगा वांगचुक से

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को अपना पूरा समर्थन दिया है। केजरीवाल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का समर्थन करते हुए आप पूरी तरह से सीजेपी के साथ खडी है। केजरीवाल ने कहा कि मैं 16 जुलाई गुरुवार को शाम 5 बजे सोनम वांगचुक के धरने का समर्थन करने जंतर-मंतर जाउंगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक को पूरी तरह रोकने के लिए केंद्र सरकार सिस्टम ठीक करे और धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

## स्थायी समितियों के अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित

# स्थायी समितियां विधायी निगरानी, कार्यपालिका की जवाबदेही और सुशासन को करती हैं मजबूत : विजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में स्थायी समिति प्रणाली विधायी कार्यप्रणाली की सर्वोत्तम परंपराओं में से एक है और धैर्यपूर्ण विचार-विमर्श, सूक्ष्म परीक्षण तथा साक्ष्य-आधारित अनुशंसाओं के माध्यम से समितियाँ न केवल कार्यपालिका की जवाबदेही को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि शासन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाती हैं।

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा की वित्तीय समितियों एवं विभाग-संबंधित स्थायी समितियों (डीआरएससी) के अध्यक्षों के लिए आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति केवल एक औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करने वाली विधानमंडल की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक को सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यद्यपि सदन में होने वाली बहसें संसदीय लोकतंत्र की सबसे प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति होती हैं, किंतु विधानमंडल का अधिकांश विस्तृत कार्य उसकी समिति प्रणाली के माध्यम से होता है, जहाँ सदस्य नीतियों का परीक्षण करते हैं, सार्वजनिक व्यय की समीक्षा करते हैं, विभागों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करते हैं तथा सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की सूचित एवं रचनात्मक समीक्षा करते हैं। इस कार्यशाला का आयोजन वित्तीय समितियों एवं विभाग-संबंधित स्थायी समितियों के अध्यक्षों को इनके संवैधानिक, प्रक्रियात्मक एवं कार्यात्मक पहलुओं से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया, ताकि विधायी निगरानी, जवाबदेही एवं सुशासन को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, संसदीय कार्य विशेषज्ञ वी. सतीश, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस के निदेशक डॉ. रामानंद, विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।



### तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने रखे विचार

यहां तकनीकी सत्रों में वी. सतीश ने "समिति अध्यक्षों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व", दिल्ली विधानसभा के सचिव डॉ. युमनाम अरुण कुमार ने "संस्थागत सहयोग का प्रभावी उपयोग" तथा डॉ. रामानंद ने "जवाबदेही एवं जनविश्वास को सुदृढ़ करना" विषय पर अपने विचार रखे। इसके बाद समिति अध्यक्षों के साथ एक संवादात्मक चर्चा भी आयोजित की गई।

### एकीकृत डिजिटल पोर्टल भी किया जा रहा है विकसित

अध्यक्ष गुप्ता ने बताया गया कि दिल्ली विधानसभा समिति अध्यक्षों एवं सदस्यों के लिए एक एकीकृत डिजिटल पोर्टल भी विकसित कर रही है। यह पोर्टल समिति से संबंधित कार्यपत्रों, कार्यसूची, प्रतिवेदनों तथा शोध सामग्री तक एक ही मंच पर पहुँच उपलब्ध कराएगा, जिससे समिति सदस्य बेहतर तैयारी कर सकेंगे, अधिक सूचित विचार-विमर्श संभव होगा तथा समितियों की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बन सकेगी।

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली दंगों के मामले में आप नेताओं से मांगा जवाब

नई दिल्ली। अदालत द्वारा दिल्ली दंगों के मामले में ताहिर हुसैन को दोषी करार दिया जाना उन पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्होंने उस हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया और भारी पीड़ा झेली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दंगे भड़काने, हत्या और व्यापक हिंसा फैलाने के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति के साथ आम आदमी पार्टी के राजनीतिक संबंधों और संरक्षण पर पार्टी नेतृत्व को जवाब देना चाहिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया से पूछा कि दिल्ली की जनता को इस पूरे प्रकरण पर जवाब कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली दंगों के दौरान राजधानी ने हिंसा, पत्थरबाजी और अराजकता का भयावह दौर देखा, जिसमें अनेक लोगों की जान गई और कई परिवार प्रभावित हुए। उस समय की घटनाएं आज भी दिल्लीवासियों के मन में कई सवाल खड़े करती हैं।



## खबर संक्षेप

### विवाद के बाद सहायता के लिए पिंक बूथ पहुंचा



**गाजियाबाद।** थानों में फरियादियों के साथ दोस्ताना और संवेदनशील व्यवहार का दावा करने वाली कमिश्नरेट पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ऑटो चालक से विवाद के बाद जान बचाने की गुहार लेकर संजयनगर सेक्टर-23 स्थित पिंक बूथ पर पहुंचे 22 वर्षीय राजकुमार को मुख्य गेट बंद मिला। इसके बाद उन्होंने बूथ को खुलवाने के लिए हाथ मारे तो शीशा हाथों में घुस गया और घायल हो गए। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते युवक की हालत बहुत ज्यादा बिगड़ने मौत हो गई।

### ऑन डिमांड हथियारों की सप्लाई करने वाले काबू



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को अवैध असलाह व कारतूस की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कब्जे से 06 अदद नाजायज पिस्टल मय मैगजीन .32 बोर मय 20 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद नाजायज पिस्टल .30 वोर मय मैगजीन मय 2 अदद जिन्दा कारतूस तथा एक काले रंग की महेन्द्रा थार गाड़ी बरामद की गयी है । यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था तथा फोन डिमांड अवैध असली की सप्लाई करते थे।

### पुलिस की ईआरवी और टैंकर में टक्कर, 2 मौत




**गुरुग्राम।** जिले के फर्रुखनगर इलाके में एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक अनियंत्रित टैंकर और पुलिस की इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल के बीच हुई भीषण टक्कर में दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक कॉन्स्टेबल गंभीर रूप से घायल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए। यह हादसा फर्रुखनगर के खेड़ा खुर्मुपुर गांव के पास हुआ। डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मी रात में गश्त पर थे।

### वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने थाना सेंट्रल के एक वाहन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 13 जुलाई को हर्ष कुमार निवासी भागलपुर बिहार हाल निवासी धीरज नगर फरीदाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जिसको माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फैजल खान ने थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी।

### देसी पिस्टल व दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने अवैध हथियारों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सूर्यकांत मिश्रा निवासी गांव जाजरू सेक्टर-58 फरीदाबाद के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया हैए ताकि अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

---

## पुलिस मौके पर पहुंची लोगों को समझाकर रास्ता खुलवाया

# सड़क व पेयजल संकट से नाराज स्थानीय लोगों ने नंगला सड़क पर लगाया जाम, जलभराव के कारण बीमारी फैलने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वार्ड नंबर-8 में सडक़ और पेयजल की समस्या से परेशान लोगों का गुस्सा सोमवार को सड़क पर फूट पड़ा। स्थानीय निवासियों ने पर्वतीय चौकी के सामने जाम लगाकर नगर निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर रास्ता खुलवाया। हालांकि, जाम के कारण सड़क पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और वाहन चालक कई घंटों तक फंसे रहे।

**जाम में कई घंटों तक राहगीर फंसे रहे**



### हालात और गंभीर हुए

प्रदर्शन कर रहे स्थानीय निवासी राम प्रसाद ने बताया कि पिछले करीब दो महीने से इलाके की सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण पानी के टैंकर घरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि नगर निगम की नियमित जलापूर्ति भी समय पर नहीं हो रही है, जिससे हालात और गंभीर हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो निगम अधिकारी समस्या पर ध्यान दे रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि।

### बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर

स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। हल्की बारिश होते ही सडक़ों और गलियों में जलभराव हो जाता है, जिससे आवाजाही मुश्किल हो जाती है। जलभराव के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बना रहता है। लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर सीवर के मैनहोल खुले पड़े हैं, जिससे खासकर रात के समय दुर्घटना का डर बना रहता है। उनका आरोप है कि सडक़ें खोदकर छोड़ देने के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी परेशान हैं।

वहीं, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतपाल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण निर्माण कार्य कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ था। अब कार्य दोबारा तेजी से शुरू कर दिया गया है और जल्द ही सडक़ निर्माण पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि काम पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को सडक़ और आवागमन से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलेगी।

---

## प्रोसेसिंग प्लांट को लेकर निगम आयुक्त ने की ग्रामीणों से की चर्चा

# पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के मानकों के अनुरूप कूड़े का किया जाएगा निपटान

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट किया कि नगर निगम का उद्देश्य प्रतापगढ़ में कूड़े का ढेर लगाना या क्षेत्र में गंदगी फैलाना नहीं है, बल्कि यहां आने वाले ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेसिंग एवं निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के मानकों के अनुरूप कार्य कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रतापगढ़ स्थित कूड़ा कचरा प्रोसेसिंग प्लांट पर कूड़ा डाले जाने के विरोध में प्रतापगढ़ गांव एवं आसपास के सेक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने आज निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक, सुदेश कुमार डागर, सतपाल, पवन मोर, हेमंत बरुआ एवं आशीष चिकारा उपस्थित रहे। वहीं नगर निगम की ओर से जॉइंट कमिश्नर अनिल यादव, चीफ इंजीनियर विवेक गिल, अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह, कार्यकारी अभियंता मनदीप सिंह, कार्यकारी अभियंता अजय पंघाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**आश्वासन पर प्रतापगढ़ में चल रहा धरना समाप्त**



### ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेसिंग

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट किया कि नगर निगम का उद्देश्य प्रतापगढ़ में कूड़े का ढेर लगाना या क्षेत्र में गंदगी फैलाना नहीं है, बल्कि यहां आने वाले ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेसिंग एवं निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के मानकों के अनुरूप कार्य कर रहा है। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने समिति को आश्वस्त किया कि आगामी छह माह के भीतर प्रतापगढ़ में कूड़ा डाला जाना पूरी तरह बंद करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए अन्य स्थान चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है।

### निगम आयुक्त के आश्वासन पर ग्रामीणों ने सहमति जताया

निगम आयुक्त के आश्वासन किया कि जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही की जाएगी। समिति के सदस्यों ने धरना समाप्त करने की दिशा में सकारात्मक रुख व्यक्त किया। निगम आयुक्त ने जॉइंट कमिश्नर अनिल यादव को धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित करने और नगर निगम के विजन से उन्हें अवगत कराने तथा आपसी सहमति से धरना समाप्त कराने के निर्देश दिए थे, जॉइंट कमिश्नर अनिल यादव मौके पर पहुंचे और निगम आयुक्त द्वारा दिए गए आश्वासन को सभी के समक्ष रखा जिस पर कमेटी और धरना स्थल पर मौजूद सभी ग्रामीणों ने सहमति जताते हुए धरना समाप्त किया। जॉइंट कमिश्नर अनिल यादव मौके पर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि यहां पर कूड़ा लेकर आने वाली गाडियां नियमों का पालन करेंगी ताकि आमजन को कोई परेशानी न आये।

---

## यमुना के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा

# पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने सुरक्षा एवं राहत तैयारियों के निर्देश दिए



**आपातकालीन स्थिति में कंट्रोल रूम, डायल 112, स्थानीय पुलिस को करें सूचित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने मंगलवार को बल्लभगढ़ जोन के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान अशोक कुमार एसीपी तिगांव, प्रबंधक थाना छांयसा, तिगांव व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने मोहना पुल, कटपुला तथा मंझावली पुल का निरीक्षण करते हुए इन संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने बारे थाना प्रबंधक को निर्देशित किया।

### सरपंचों से बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश

उन्होंने थाना प्रबंधक तिगांव व छांयसा को कहा कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों के सरपंचों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ पहले से ही बेहतर समन्वय स्थापित करें। किसी भी आपात स्थिति में सूचना का त्वरित आदान-प्रदान हो तथा राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।

### लगातार निगरानी रखें

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि यदि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ता है और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए पहले से ही सुरक्षित स्थानों जैसे स्कूलों एवं धर्मशालाओं में ठहरने बारे जिला फरीदाबाद प्रशासन से संपर्क कर स्थान चिन्हित किये जाकर व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्ययोजना को भी तैयार किया जाए।

---

## आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड

# चोरी के मामलों में 4 काबू, सोने के आभूषण व नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शाखा सेक्टर-85 की टीम ने घरों में चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धीरज नगर स्थित एक मकान में 16 से 18 अप्रैल के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटनक्रम में नगदी व सोने के आभूषण चोरी कर लिये गये थे। शिकायत पर थाना पल्ला में मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा टीम ने नरेश, संतोष ऋषिदेव, सोनू को प्रोडेक्शन पर लेकर चोरी किये गये आभूषणों में से एक सोने का मांग टीका, दो सोने की अंगूठियां तथा एक सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है। वहीं दूसरे मामले में थाना ओल्ड फरीदाबाद क्षेत्र में घर से लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। इस मामले में अपराध शाखा की टीम ने कंचन उर्फ शिव शंकर को भी प्रोडक्शन पर लिया।



## स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने

# विधायक सतीश फागना ने सीएम से की डंपिंग यार्ड हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी फरीदाबाद के विधायक सतीश फागना ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर सेक्टर-56 फरीदाबाद में बने डंपिंग यार्ड को तत्काल हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक फागना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अवगत कराया कि सेक्टर-56 स्थित डंपिंग यार्ड के कारण आसपास के क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को दुर्गंध, वायु प्रदूषण, गंदगी तथा स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासी लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।



विधायक सतीश फागना ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डंपिंग यार्ड को शीघ्र किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने तथा क्षेत्रवासियों को इस समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

## बैटरी में कई बार धमाके

# चलते इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसा उस समय हुआ जब स्कूटर पर सवार दो युवक बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में स्कूटर से पहले असामान्य आवाज आई और फिर उसमें से धुआं निकलने लगा। कुछ ही क्षणों में स्कूटर धू-धू कर जल उठा। दोनों युवकों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते स्कूटर छोड़ दिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पल्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## 122 किमी लंबी सड़कों पर मशीनीकृत सफाई

**धूल को नियंत्रित कर पर्यावरण शुद्धि का प्रयास**

# एयर क्वालिटी अभियान के तहत रेलवे ट्रैक से 6,333 मीट्रिक टन कचरा हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली नगर निगम के करोल बाग जोन ने वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान के तहत रेलवे ट्रैक के आसपास जमा 6,333 मीट्रिक टन पुराने कचरे और सड़कों से 228 मीट्रिक टन धूल हटाई है। निगम अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि धूल को उसके स्रोत पर नियंत्रित कर राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार लाना भी है।

करोल बाग जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कहा कि धूल नियंत्रण के लिए केवल पानी का छिड़काव पर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि निगम ने 'कम्प्लीट स्ट्रीट' मॉडल, सेंट्रल वर्ज के हरितीकरण, निर्माण एवं विध्वंस स्थलों की निगरानी और रेलवे ट्रैक के किनारे जमा लेगेसी वेस्ट हटाने पर विशेष ध्यान दिया है। उनके अनुसार यदि स्वच्छता कार्य प्रभावी ढंग से किए जाएं तो स्थानीय स्तर पर वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। एमसीडी के मुताबिक, रेलवे ट्रैक से हटाए गए कचरे की मात्रा इतनी अधिक थी कि उसे ढोने के लिए लगभग 700 डंपर ट्रकों की आवश्यकता पड़ती। अभियान के दौरान सड़ों के मध्य भाग (सेंट्रल वर्ज) से 150 मीट्रिक टन कचरा और मलबा हटाया गया, जबकि 122 किलोमीटर लंबी सड़कों पर मशीनीकृत सफाई और झाड़ू का कार्य किया गया।




### विशेष तकनीक की मदद से सफाई कराई गई

इस अभियान की खास बात यह रही कि पहली बार रेलवे विभाग के साथ समन्वय कर रेल पटरियों के किनारे वर्षों से जमा कचरे की व्यापक सफाई की गई। दया बस्ती रेलवे स्टेशन और जाखिरा सेक्शन जैसे कठिन क्षेत्रों में विशेष तकनीक और रेलवे वैगनों की मदद से सफाई कराई गई। दोबारा कचरा फेंकने से रोकने के लिए साफ किए गए स्थानों पर डस्टबिन लगाए गए और लोगों को जागरूक भी किया गया। एमसीडी का कहना है कि यह पहल वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की धूल नियंत्रण रणनीति के अनुरूप है। आयोग के अनुसार, सडक़ की धूल दिल्ली के वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में शामिल है। नियमित मशीनीकृत सफाई, हरितीकरण और निर्माण स्थलों पर नियमों का सख्ती से पालन कर धूल प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। निगम ने कहा कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि राजधानी में स्वच्छता और वायु गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

---


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित कुमार मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा निवासी बी–100, गली नंबर 14, खजूरी खास, दिल्ली** ने **FIR No. 89/2020 U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार मिश्रा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार मिश्रा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 89/2020 U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित कुमार मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री श्रुति सारस्वत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कक्ष संख्या 22, प्रथम तल, उत्तर–पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/9482/NE/2026(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अखिल उर्फ करण पुत्र राजेश निवासी मकान नंबर एस–435, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 667/2024 U/S 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखिल उर्फ करण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखिल उर्फ करण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 667/2024 U/S 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अखिल उर्फ करण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–II(पश्चिम)
कमरा नंबर 31
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/9317/OD/2026(Court Matter)



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAQ1493-YOM- NA
2) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAN2867-YOM NA
3) ASHOK_LEY AL_1214 REG. NO. UP12AT6656- YOM -2018
4) SML SMLSARTAJ REG. NO. UP15FT8645-YOM -2022
5) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. HR38AF0053 -YOM- 2023
6) TATA LPT909FB REG.NO. DL1M9185- YOM 2017
7) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. UP15GT2004-YOM-2023
8) TATA MOTORS TSIGNA4018 REG. NO. PB13BF6254 -YOM -2019
9) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAM8010-YOM -2024
10) TATA MOTORS TLPT1912G REG. NO. DL1GE3345-YOM -2024
11) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAN0805-YOM- 2024
12) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN7926-YOM -2025
13) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL0955 -YOM -2023
14) TATA MOTORS SFC407GOLD REG. NO. UP16NT8457-YOM -NA
15) MAH MHMAXXCITY REG. NO. UP14RT4522-YOM- NA
16) TATA MOTORS TATA1812 REG. NO. UP17BT9402-YOM -2023
17) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM6559 -YOM -2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

## खबर संक्षेप

### बांकीपुर से जेजेडी कैंडिडेट वीणा का नामांकन रद्द



**बांकीपुर।** बांकीपुर विधानसभा सीट से जनशक्ति जनता दल की प्रत्याशी वीणा मानवी उर्फ वीणा मांडवी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। जेजेडी के प्रमुख तेज प्रताप यादव मंगलवार को इस बारे में जानकारी लेने पटना के डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट भी पहुंचे। नामांकन क्यों रद्द किया गया है, इस बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। चुनाव आयोग ने आधिकारिक रूप से वीणा मानवी का नामांकन रद्द करने की पुष्टि कर दी है।

### नेपाल बॉर्डर पर अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सशस्त्र सीमा बल ने एक अमेरिकी नागरिक को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जॉर्डन ब्राउन के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह पहले थाईलैंड गया था, जहां उसका पासपोर्ट खो गया। इसके बाद वह श्रीलंका पहुंचा। वहां से जलमार्ग के रास्ते भारत में प्रवेश किया। यह भी बताया कि नवंबर 2025 से वह बिना किसी वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के गोवा में रह रहा था।

### शिक्षक-शिक्षिका का शर्मनाक वीडियो,सस्पेंड



**कन्नौज।** जिले के एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में क्लासरूम के अंदर से एक शिक्षक-शिक्षिका का शर्मनाक वीडियो वायरल होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बीएसए ने मामले पर खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट तलब की थी। मंगलवार को उन्होंने शिक्षक और शिक्षिका दोनों को सस्पेंड कर दिया।

## प्रोजेक्ट अलंकार से विद्यालयों में नया शैक्षणिक वातावरण तैयार

# उत्तर प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों का हुआ कायाकल्प, संतृप्तिकरण 36% से बढ़कर 96.30 के पार

बेसिक शिक्षा विभाग में ऑपरेशन कायाकल्प और माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रोजेक्ट अलंकार के माध्यम से विद्यालयों का स्वरूप बदला है। पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, अतिरिक्त कक्ष, डिजिटल संसाधन और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं ने सरकारी विद्यालयों में नया शैक्षणिक वातावरण तैयार किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकारी विद्यालयी शिक्षा में व्यापक बदलाव दिखाई दे रहा है। सरकार ने केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाने पर ही नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग में ऑपरेशन कायाकल्प और माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रोजेक्ट अलंकार के माध्यम से विद्यालयों का स्वरूप बदला है। पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, अतिरिक्त कक्ष, डिजिटल संसाधन और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं ने सरकारी विद्यालयों में नया शैक्षणिक वातावरण तैयार किया है।

**पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार**



**विद्यालयों की तस्वीर बदली**

ऑपरेशन कायाकल्प ने परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अंतर्गत 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जा चुका है। वर्ष 2017-18 में जहां विद्यालयों का संतृप्तिकरण 36 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 96.30 प्रतिशत के पार पहुंच गया है। बच्चों के लिए 3.42 लाख डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की कार्यवाही तेजी से चल रही है।

**भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल**

विद्यालयों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल शुरू की हैं। प्रदेश के 75 जिलों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें से 141 विद्यालयों के लिए भूमि चयन पूरा हो चुका है। इसके साथ 75 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं। इन्हें चरणबद्ध रूप से कक्षा 6 से 12 तक उच्चीकृत किया जा रहा है। जिन विकास खंडों में केजीबीवी नहीं हैं, वहां नए आवासीय बालिका विद्यालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है।

## यूपी निवेशकों की पहली पसंद

# बीमारू मानसिकता से उबरकर 9 वर्षों में तीन गुना हुई प्रदेश की अर्थव्यवस्था

यूपी को मिले 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सवा तीन करोड़ युवाओं को मिला रोजगार

मुख्यमंत्री मंगलवार को विशेष कॉन्क्लेव में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पिछले 9 वर्षों से अधिक समय के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में आए युगांतकारी परिवर्तनों और उपलब्धियों को रेखांकित किया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि नहीं है, वे देश की अस्मिता व आस्था पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मामले में ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी निष्पक्ष जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

नैतिक आधार पर इस्तीफे भी हुए हैं। लेकिन, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में जो लोग आस्था के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं, हिंदू धामों पर प्रहार कर रहे हैं, ये वही लोग हैं जो गरीबों के हक पर डकैती डालते थे और हनुमानगढ़ी जैसे पवित्र स्थल पर नमाज पढ़वाने का कुत्सित प्रयास करते थे। सीएम ने जनता से राष्ट्रीय मूल्यों को ठेस पहुंचाने वाली ऐसी ताकतों से सजग रहने की अपील की।



### विस्फोटों से जुड़ता था यूपी का नाम

सीएम ने कहा कि उस वक्त देश में कहीं विस्फोट होता था, तो यूपी का नाम जुड़ता था। पिछली सरकारों में दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। माफियाओं के सामने सरकारें नतमस्तक होकर नाक रगड़ती थीं। नई पीढ़ी को यह जानकारी देने की आवश्यकता है। लेकिन, पिछले 9 वर्षों में हमारी पहचान दंगा, कर्फ्यू और उपद्रवमुक्त उत्तर प्रदेश के रूप में बनी है। उत्तर प्रदेश में अब बेटी, व्यापारी समेत हर व्यक्ति सुरक्षित है।

### बेटियों को यूपी से बाहर भेज देते थे लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में 2017 से पहले हर तीसरे दिन दंगा होता था, महीनों तक कर्फ्यू रहता था। बेटी व व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। 35 से ज्यादा ऐसे जनपद थे, जहां लोगों ने बेटी को यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के घर भेजकर पढ़ाई कराई। अन्य लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए उन्हें स्कूल भेजना ही बंद कर देते थे। व्यापारी को पता नहीं होता था कि घर लौट पाएगा या नहीं।

### यूपी को मिले 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा का वातावरण नहीं बना होता तो कोई निवेशक यूपी में नहीं आता। हमने 2017 अक्टूबर में इन्वेस्टर समिट की योजना बनाई और इसके लिए पॉलिसी तैयार की। नतीजा यह कि यूपी को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं, जिसमें 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं। 2017 के पहले लखनऊ की चिकनकारी, फिरोजाबाद का ग्लास, मुरादाबाद का पीतल, मेरठ का स्पोर्ट्स, भदोही का कालीन व बनारस का साड़ी उद्योग दम तोड़ रहा था।

## मंत्री बोले-वन नेशन, वन इलेक्शन'

# बार-बार चुनाव से विकास प्रभावित, एक साथ से गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनऊ

संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और राष्ट्रहित में लिया गया एक ऐतिहासिक कदम है, जिसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ 'वन वोटर लिस्ट' की व्यवस्था भी लागू की जानी चाहिए, जिससे चुनाव प्रक्रिया और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बन सके। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2021 से अब तक उन्होंने लोकसभा, विधानसभा, पंचायत और नगर निकाय सहित कई चुनाव देखे हैं तथा आगामी वर्षों में भी चुनाव प्रस्तावित हैं।

### चुनावी खर्च में कमी आएगी

उन्होंने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू होने से चुनावी खर्च में कमी आएगी, सुरक्षा बलों की बार-बार तैनाती की आवश्यकता घटेगी तथा जनता को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं मिल सकेंगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में यह व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बैठक में मौजूद नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया

बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, पंचायती राज मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह सुधार देशहित में आवश्यक है और सभी राजनीतिक दलों तथा समाज के सभी वर्गों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इसका समर्थन करना चाहिए।

## 40 लाख की मांग करने वाली महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बताकर एक युवक से शादी करने और बाद में 40 लाख रुपये की मांग करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी महिला को बदायूं जिले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पीड़ित युवक के अनुसार उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से महिला से हुई थी। महिला ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर स्वयं को आईएएस अधिकारी बताया था।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक समुद्री विवादों ...

14 जुलाई को राजधानी में हुई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।

**चीन-फिलीपींस से जुड़ा मामला:** दक्षिण चीन सागर से जुड़ा यह मामला चीन-फिलीपींस मध्यस्थता पुरस्कार की 12 जुलाई को हुई 10वीं वर्षगांठ से संबंधित है। जिसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से सवाल पूछा गया था। जिसके जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि मामले में मध्यस्थता न्यायाधिकरण का निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जिसे लेकर नई दिल्ली का रुख बिलकुल साफ है। आज एक बार फिर से हम अपने पक्ष को दोहराते हुए कहते हैं कि समुद्र से जुड़े कानून पर यूएन सम्मेलन के आधार पर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय नियमों के हिसाब से समुद्री आवाजाही, उड़ान की स्वतंत्रता, समुद्र के अन्य वैध उपयोगों और निर्बाध रूप से व्यापार को बनाए रखा जाना चाहिए। साथ ही भारत यह भी दोहराता है कि समुद्री क्षेत्र में होने वाले तमाम विवादों का समाधान शांति के साथ वैश्विक कानूनों की मदद से ही निकाला जाना चाहिए। उक्त फैसला संबंधित पक्षों के बीच विवाद का समाधान निकालने का आधार बना हुआ है।

**2016 में आया न्यायाधिकरण का निर्णय :** न्यायाधिकरण के इस फैसले को लेकर अमेरिका, ब्रिटेन सहित कई पश्चिमी और एशिया महाद्वीप के देशों ने एक बयान जारी कर कहा था कि न्यायाधिकरण के फैसले को देखें तो इसके आधार पर दक्षिण चीन सागर में चीन के तमाम बड़े दावे अवैध यानी गैर-कानूनी हैं। 12 जुलाई 2016 को न्यायाधिकरण ने इस मामले पर अपना फैसला दिया था।

### पाकिस्तान की पुरानी...

**पासपोर्ट करता विदेश यात्रा करने वालों का नियमन :** उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत के लिए पासपोर्ट केवल विदेश यात्रा पर जाने वाले लोगों का नियमन करने वाला एक दस्तावेज है। वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पासपोर्ट जारी किया जाता है। हमारे देश में 8 फीसदी लोगों के पास ही पासपोर्ट है। रणधीर ने बताया, 1967 के पासपोर्ट कानून और 1980 के पासपोर्ट नियम के तहत ही किसी व्यक्ति को भारत में पासपोर्ट जारी किया जाता है।

**आतंकवाद पर साझेदारों संग काम करेगा भारत :** मंत्रालय के प्रवक्ता ने मीडिया ब्रीफिंग में कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिनमें लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े, अमेरिका, कनाडा तथा कुछ अन्य देशों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन हार्डबॉल को लेकर उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए अपने तमाम वैश्विक साझेदार देशों के साथ एकजुटता से काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह मामले को लेकर बनी हुई हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हमारी एजेंसियां कई वर्षों से बेहद निकटता से इस संबंध में काम करती रही हैं। आगे भी हमारे बीच बना हुआ यह सहयोग और अधिक गहरा होगा। अभियान के दौरान अमेरिका के अभियोग और कनाडा की पुलिस द्वारा हाल के समय में की गई टिप्पणियां और घोषणाएं भारत के इसी रुख से मेल खाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि वैश्विक आतंकवाद, संगठित अपराध, मादक पदार्थों-मानव तस्करी और अवैध हथियारों की तस्करी, संगठित आपराधिक नेटवर्क हमारे समाजों के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। रणधीर ने कनाडा के पुलिस अधिकारियों द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत सरकार व उसके शीर्ष अधिकारियों की कोई संलिप्तता न होने को लेकर दिए गए बयानों के बारे में जानकारी होने का भी ब्रीफिंग में खुलासा किया।

**भगोड़ों के मामले में जारी कानूनी प्रक्रिया :** उन्होंने भारत के आर्थिक भगोड़ों जैसे नीरव मोदी के मामले को लेकर कहा कि इस मुद्दे को लेकर कानूनी प्रक्रिया जारी है। साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान के कृषि मंत्री की भारत यात्रा के बारे में जानकारी दी है।

### 130 देशों के 60...

विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ भारतीय वस्त्र उद्योग को मिल रहा है, जिससे निर्यात और वैश्विक व्यापार के नए अवसर पैदा हुए हैं। 'भारत टेक्स 2026' में भारत की वस्त्र, फैशन, सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी), प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक भूमिका को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस आयोजन में देश-विदेश के निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति निर्माता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, हस्तशिल्पी, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी प्रदाता एक मंच पर आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '5एफ विजन'-फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन-से प्रेरित 'भारत टेक्स' अब वस्त्र उद्योग के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला (टेक्सटाइल वैल्यू चेन) के लिए व्यापार, निवेश, नवाचार, नीति संवाद और रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख वैश्विक मंच बन चुका है। 'भारत टेक्स 2026' के तीसरे संस्करण में करीब 7,000 खरीदार और 20,000 से अधिक वस्त्र उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। आयोजन में 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भी भाग ले रहे हैं। इस दौरान 20 से अधिक देशों के 350 से ज्यादा वक्ता, जिनमें अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधि, नीति निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के विचारक शामिल हैं, वस्त्र उद्योग के भविष्य, वैश्विक बाजार, नवाचार, निवेश और सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन भारत के वस्त्र उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने, निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


### राष्ट्रीय युद्ध स्मारक...

भारतीय वीरों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। यात्रा का आदर्श वाक्य है एक यात्रा, एक राष्ट्र और एक सलाम है।

**भारत के अटूट संकल्प का प्रतीक :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध में मिली जीत देश के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है। जो हमारे देश की जमीन, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी शक्ति के साथ जवाब देगा। अपने संबोधन में उन्होंने भारत के वीर सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने अदम्य साहस, धैर्य, अनुशासन और अद्वितीय देशभक्ति का एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। जिसका दुनिया भर की सेनाएं न केवल आज भी अध्ययन करती हैं। बल्कि सम्मान भी करती हैं। करीब 20 हजार फीट की ऊंचाई पर शून्य से 40 डिग्री नीचे तापमान में हमारे सैनिकों ने साहस और दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल किया। उन्होंने दुश्मन के कब्जे से हर चोटी, पहाड़ी और बंकर को वापस अपने कब्जे में ले लिया और तिरंगे का गौरव बनाए रखा। उन्होंने युद्ध के परमवीर चक्र विजेताओं के योगदान को लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वीर सैनिक युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं, भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करेंगे।

### स्वदेशी तकनीक ...

रेल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध होगा। बेहतर संपर्क से उद्योग, व्यापार, निवेश, पर्यटन और लॉजिस्टिक्स गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। भारत भी इसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और हाइड्रोजन ट्रेनसेट परियोजना इस परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। यह परियोजना कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ हरित परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी और आने वाले समय में देश के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।





# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style



# आलिया

## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

हॉलीवुड मसाला




# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और



दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।

## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है।



प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।

# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया



रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

## कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

## कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

# मालगाड़ी के ऊपर चढ़ा मानसिक रोगी, आरपीएफ ने ओएचई बंद कराकर बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

आरपीएफ की तत्परता और सूझबूझ से सोमवार को सुबह पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा टल गया। अचानक मानसिक रूप से अस्वस्थ एक युवक प्लेटफार्म दो पर खड़ी बीसीएन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। गश्त ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल सदस्यों की नजर पड़ी तो उन्होंने सबसे पहले स्टेशन मास्टर व संबंधित विभाग को सूचना देकर ओएचई ब्रेकडाउन कराया गया। इसके बाद भारी जद्दोजहद कर युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर स्वजन को सकुशल सौंप दिया गया। घटना सुबह पांच से छह बजे की है। आरपीएफ की नियमित गश्त और चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के बीच लाइन नंबर दो पर खड़ी बीसीएन मालगाड़ी के ऊपर एक युवक दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात सहायक उप निरीक्षक केपी तिवारी और प्रधान आरक्षक पीएस बारा ने तत्काल स्टेशन प्रबंधक, ओएचई, टीआरडी तथा आपरेटिंग विभाग को सूचना दी।



### कुछ देर परिचालन रहा प्रभावित

ओएचई ब्रेकडाउन होने के कारण कुछ देर तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। हालांकि मालगाड़ी पर चढे युवक को नीचे उतारने के लिए लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वह नीचे उतरने को तैयार नहीं था। इस घटना के कारण ट्रेनों का परिचालन जरुर प्रभावित हुआ लेकिन, युवक की जान बचा ली गई।

### युवक की जा सकती थी जान

मालगाड़ी के ऊपर ओएचई तार में हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित होती है। इसमें करंट इतना खतरनाक होता है कि नजदीक आते ही किसी भी चपेट में ले लेता है। जब आरपीएफ ने देखा तो युवक मालगाड़ी के एक वैगन के ऊपर बैठा था। यदि तत्काल ओएचई ब्रेकडाउन नहीं करते तो युवक की जान खतरे में पड़ सकती थी। यही वजह है कि सबसे पहले बिजली बंद कराई गई। इसके बाद कुछ लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा गया।

### करंट लगने की दुर्घटना न हो

रेलवे अधिकारियों ने बिना समय गंवाए ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन की विद्युत आपूर्ति बंद (ब्रेकडाउन) कराई, ताकि किसी प्रकार की करंट लगने की दुर्घटना न हो। इसके बाद संयुक्त प्रयास से युवक को पूरी तरह सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। समय पर की गई इस कार्रवाई से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद युवक से पूछताछ करने पर वह अपनी पहचान या पता बताने में असमर्थ रहा। इससे उसकी पहचान करने में आरपीएफ को थोड़ी परेशानी हुई। हालांकि घटना स्थल पर खड़ी भीड़ में शामिल कुछ ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि युवक ग्राम पंचायत तरई, थाना गौरेला, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का रहने वाला है और मानसिक रूप से अस्वस्थ है। इस पर आरपीएफ ने तत्काल ग्राम पंचायत तरई के सरपंच राहुल कुमार भैना से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। सरपंच ने युवक के स्वजन को सूचना देकर उन्हें रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पेंड्रारोड पहुंचाया। माता-पिता ने बताया कि युवक लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और इसी कारण भटककर रेलवे स्टेशन पहुंच गया होगा। आरपीएफ ने युवक को गौरेला जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। मेडिकल जांच पूरी होने के बाद सरपंच की उपस्थिति में आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर युवक को उसके स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 8 कंपनियों को प्रदान किए भूमि आवंटन के आशय-पत्र

# 20 नई औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित इकाइयों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉन्क्लेव में 8 कंपनियों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र प्रदान किए। इन परियोजनाओं में 203.58 करोड़ रुपए का निवेश होगा। 1242 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन आवंटनों से इंदौर के सिंहासा आईटी पार्क और भोपाल के बड़वई आईटी पार्क में आईटी, आईटीईएस, ईएसडीएम, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी अवसंरचना और स्टार्ट-अप इको सिस्टम को सुदृढ़ आधार मिलेगा और प्रदेश में तकनीकी निवेश एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। म

मुख्यमंत्री सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति प्रदान करते हुए 20 नई औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित इकाइयों का लोकार्पण किया। इन इकाइयों में 178.70 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 1229 नए रोजगार सृजित होंगे। ये इकाइयां मुख्य रूप से इंदौर, भोपाल और जबलपुर के आईटी पार्कों में स्थापित की गई हैं। इनमें आईटी/आईटीईएस, ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग) और नवाचार आधारित उद्योग शामिल हैं।



मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गूगल प्ले एवं एमपीएसईडीसी के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

### टेक ग्रोथ कॉनक्लेव निवेशोन्मुखी नीति का महत्वपूर्ण हिस्साः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 राज्य सरकार की निवेशोन्मुखी नीति के तहत आयोजित कॉन्क्लेव श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी शुरुआत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने देश एवं विदेश में आयोजित विभिन्न इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में सहभागिता कर मप्र को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी सेक्टर में अब तक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर आ चुका है।

### सरकार और उद्योग के बीच संवाद का सशक्त मंच बना कॉन्क्लेवः सेल्वेंद्रन

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेल्वेंद्रन ने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं डेटा सेक्टर के उद्यमियों और सरकार के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। राज्य सरकार ने आईटी उद्योग की आवश्यकताओं और वैश्विक मांग के अनुरूप उद्योग-अनुकूल नीतियां तैयार की हैं और समय-समय पर उनमें आवश्यक संशोधन भी किए हैं। उन्होंने कहा कि इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आईटी क्षेत्र में निवेश लगातार बढ़ रहा है। तकनीकी विकास को नई दिशा मिल रही है। प्रमुख सचिव सेल्वेंद्रन ने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों, निवेशकों और तकनीकी सहयोगियों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया।

### गूगल प्ले के साथ हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

कॉन्क्लेव में गूगल प्ले के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल क्षमता विकास के क्षेत्र में सहयोग संबंधी महत्वपूर्ण एमओयू किया गया। इस साझेदारी से प्रदेश में उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा मिलेगा और डिजिटल नवाचार एवं कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सीसीआईपी ने भोपाल में एमराल्ड कंपनी की 422 करोड़ रुपए की पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) मैन्युफैक्चरिंग परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना से 314 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### सेमीकंडक्टर यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव

पारस सेमीकंडक्टर्स के सीईओ संतोष कुमार ने कहा कि पारस सेमीकंडक्टर्स की ओर से मप्र में भारत की पहली अत्याधुनिक एडवांस्ड हेटेरोजीनियस पैकेजिंग ओसेट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) इकाई की स्थापना के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश में सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन को सुदृढ़ करने के साथ मप्र को सेमीकंडक्टर विनिर्माण एवं नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का हिस्सा होना गर्व की बातः रेड्डी

सीटीआरएलएस के रणनीति प्रमुख सिद्धार्थ रेड्डी ने कहा कि मप्र की तीनों टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का हिस्सा बनना उनके लिए सुखद अनुभव रहा है। मप्र सरकार ने आईटी उद्योग की आवश्यकताओं और निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से नीतिगत पहल की है। पहली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में डेटा सेंटर, दूसरी में सेमीकंडक्टर नीति और तीसरी कॉन्क्लेव में जीसीसी, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर पर विशेष फोकस किया गया है।

### सीएम राज्य को तकनीक एवं नवाचार में दिला रहे पहचान

एस्टेरा लैब्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (आईटी) एवं प्रबंध निदेशक शिवानंद आर. कोटेश्वर ने कहा कि मप्र का तकनीकी विज़न राज्य को तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिला रहा है। कॉन्क्लेव में सेमीकंडक्टर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, एआई, कौशल विकास तथा डिजिटल अवसंरचना जैसे विषयों पर उच्चस्तरीय राउंडटेबल मीटिंग्स, उद्योग विशेषज्ञों के की-नोट सत्र, निवेशक सम्मेलन और नीति संवाद आयोजित किए गए।

---

## भिलाई में साइबर ठगी में इस्तेमाल 120 म्यूल खातों पर मामला दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर भिलाई नगर थाना पुलिस ने साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए पंजाब नेशनल बैंक के 120 संदिग्ध म्यूल बैंक खातों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक समन्वय पोर्टल पर प्राप्त साइबर शिकायतों और बैंक खातों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि थाना भिलाई नगर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित पंजाब नेशनल बैंक के कई खातों में साइबर ठगी से प्राप्त रकम सीधे जमा हुई थी।

जांच में ये सभी खाते लेयर-1 म्यूल खाते पाए गए, जिनका उपयोग ठगी की राशि प्राप्त करने, उसे छिपाने तथा अन्य खातों में स्थानांतरित कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच इन खातों के माध्यम से साइबर अपराध से अर्जित रकम का लेन-देन किया गया। पुलिस का मानना है कि संबंधित खाताधारकों ने स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने, स्थानांतरित करने और अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से किया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(2), 318(3) एवं 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने समन्वय पोर्टल से प्राप्त शिकायतों, बैंक खातों के विवरण तथा साइबर शिकायत पावती के आधार पर संबंधित खाताधारकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## भारत टेक्स 2026 में झारखंड के छह जीआई टैग उत्पादों का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली** । के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 में उद्योग मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया। राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त हस्तकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी ने झारखंड की समृद्ध वस्त्र विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और बुनकरों की प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। झारखंड पवेलियन में तसर सिल्क, कुचाई सिल्क, भगैया साड़ी एवं फैब्रिक, दुमका चादर, भोया साड़ी एवं फैब्रिक तथा पंछो साड़ी एवं फैब्रिक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा हमारी पहचान केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि देश और दुनिया तक पहुँचनी चाहिए। झारखंड की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर हम राज्य में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना चाहते हैं, ताकि हमारे युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर न जाना पड़े। रोजगार बढ़ेगा तो झारखंड का विकास भी नई गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत टेक्स 2026 झारखंड के पारंपरिक वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने, बुनकरों और कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने तथा राज्य के वस्त्र उद्योग को वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। फैशन और फैशन से वैश्विक बाजार से प्रेरित भारत टेक्स 2026 वस्त्र एवं परिधान उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए व्यापार, निवेश, नवाचार, नीतिगत संवाद और रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख वैश्विक मंच बन चुका है।

---

### राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को राहत

## राज्य स्तरीय समिति ने जाति प्रमाण-पत्र को वैध माना

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को कथित फर्जी जाति प्रमाण-पत्र मामले में राहत मिली है। अनुसूचित जाति मामलों की राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने उनके जाति प्रमाण-पत्र को वैध माना है। समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसके मंगलवार तक सार्वजनिक होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, 6 जुलाई को हुई सुनवाई में प्रतिमा बागरी और शिकायतकर्ता प्रदीप



अहिरवार ने समिति के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा था। दोनों पक्षों ने दस्तावेज और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके परीक्षण के बाद समिति ने रिपोर्ट तैयार की। सूत्रों के मुताबिक, सुनवाई के दौरान प्रतिमा बागरी ने अपने परिवार से जुड़े करीब 110 वर्ष पुराने भूमि अभिलेख, न्यायालयीन दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड पेश किए। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर समिति ने उनके परिवार का मध्य प्रदेश में वर्ष 1950 से पहले का निवास तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध स्थापित माना।जानकारी के अनुसार, वर्ष 1976 में राज्य सरकार ने व्यवस्था की थी कि बागरी समुदाय के केवल वे परिवार, जो वर्ष 1950 से पहले मध्य प्रदेश के निवासी रहे हों और जिनके पास पुराने भूमि अभिलेख उपलब्ध हों, उन्हें ही अनुसूचित जाति वर्ग का लाभ मिलेगा। समिति ने इसी प्रावधान के तहत उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया।

## मेड़ के झगड़े में सीने पर गैंती गाड़कर की थी किसान की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

भटगांव पुलिस ने ग्राम जुनवानी में हुए किसान हत्याकांड का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि खेत की मेड़ को लेकर लंबे समय से चली आ रही रंजिश आखिरकार खूनी वारदात में बदल गई। आरोपी ने पहले किसान के सिर पर डंडे से हमला किया और उसके बाद गैंती से सीने पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार ग्राम जुनवानी निवासी बलेश्वर टंडन ने सूचना दी थी कि उनके पिता तुलसीदास टंडन (70 वर्ष) 10 जुलाई की सुबह खेत में तिल की बुआई करने के लिए साइकिल से निकले थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत पहुंचने पर उनका शव पड़ा मिला। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक तुलसीदास टंडन और उसके पड़ोसी सकराम उर्फ बजरंग कुर्रे (67 वर्ष) के बीच खेत की मेड़ को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने हाथ में रखे डंडे से तुलसीदास के सिर पर वार कर दिया। किसान के गिर जाने के बाद आरोपी ने वहीं पड़ी गैंती उठाकर उसके सीने में वार कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची, विद्यार्थियों का किया इलाज

## डोंगरगांव के हाईस्कूल में हड़कंप, क्लास में घुसीं मधुमक्खियां, 72 छात्राएं डंक से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

विकासखंड के बीजेभांटा हाई स्कूल में मंगलवार को मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरा-तफरी मच गई। सुबह लगभग 10 बजे स्कूल परिसर के पीछे बने छत्ते से निकली मधुमक्खियां कक्षा 10 के विद्यार्थियों पर टूट पड़ीं।

कुछ ही मिनटों में 72 छात्र-छात्राएं डंक से प्रभावित हो गए। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय पर उपचार शुरू होने से सभी बच्चों की स्थिति सामान्य रही। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव को सूचना दी।



### चीख पुकार मची.. दौड़ते भागते खुद को बचाया

घायल विद्यार्थियों ने बताया कि वे सभी प्रार्थना के बाद आकर कक्षा में बैठे ही थे। इतने में ही अचानक मधुमक्खियों का झुंड खिड़की से भीतर घुस आया। कक्षा में चीख-पुकार मच गई। दौड़ते-भागते विद्यार्थी एक दूसरे से टकराते, गिरते हुए बाहर निकलने का प्रयास किया। कई बच्चों के चेहरे और आसपास डंक लगे हैं।

### अधिकारी पहुंचे, छत्ता हटवाया जाएगा

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम अनिकेत साहू और तहसीलदार कमल किशोर साहू भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने स्कूल और अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग से उपचार की जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूल की प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल के पीछे मधुमक्खियों का छत्ता बना हुआ था। सभी बच्चों का समय रहते उपचार कर दिया गया है और उनकी स्थिति सामान्य है। भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए स्कूल परिसर के पास बने मधुमक्खियों के छत्ते को हटाने की कार्रवाई कराई जाएगी।

---

### सीएम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम ने दतिया में किया जनसभा को संबोधित

# दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव हैः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

दतिया कलेक्टोरेट में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन-पत्र दाखिल करने के बाद सीएम व नेताओं ने सभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया का चुनाव एक सामान्य चुनाव नहीं रह गया है। दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव है। कांग्रेस ने राज परिवार से प्रत्याशी मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा से गरीब परिवार के सामान्य कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी चुनावी मैदान में हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दतिया में किला चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर दतिया विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का नामांकन-पत्र दाखिल कराया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में दशकों से गायब हैं। इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी और उसका गांधी परिवार जनता को भ्रम में रखने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस विकास की बजाय जनता को जाति-धर्म के नाम पर बांटने का कार्य करती है। कांग्रेस को उनकी जमीन नहीं पता, लेकिन आसमान खरीदने की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि दतिया के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा जीत का नया इतिहास लिखेगी।




### डॉ. मिश्रा के प्रयासों से दतिया विकास का मॉडल बना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दतिया का जो भी विकास हुआ है, वह पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा और भाजपा सरकार की ही देन है। भाजपा डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में दतिया का उपचुनाव लड़ रही है और ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। कांग्रेस ने वर्ष 1956 से लेकर सालों-साल मध्यप्रदेश पर राज किया, लेकिन जनता को पिछड़ेपन के अलावा कुछ नहीं दिया।

### दतिया फिर विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगाः हेमंत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि दतिया की पावन भूमि पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का स्पष्ट संदेश है कि जनता एक बार फिर विकास, सुशासन और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ी है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी एक समर्पित, कर्मठ और संगठननिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने जनसेवा और पार्टी की विचारधारा को अपना जीवन समर्पित किया है।

### मैं दतिया की देवतुल्य जनता का बेटा हंः आशुतोष

भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि दतिया की देवतुल्य जनता का बेटा हूं। भगवान स्वरूप जनता की सेवा के लिए मुझे भाजपा ने दतिया उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। आप सभी अपना आशीर्वाद प्रदान कर भाजपा को विजयी बनाएं। जब तक मेरी जान है, दतिया की देवतुल्य जनता की सेवा करता रहूंगा।

**दिल्ली ट्रॉंसको लिमिटेड**
(दिल्ली सरकार का उपक्रम) मानव संसाधन विभाग
कार्यालयः सह प्रबंधक (मानव संसाधन) 6वाँ तल, शक्तिसदन, कोटलामार्ग, नई दिल्ली-110002, फोनः 23232580
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40103DL2001SGC111529
वेबसाइटः www.dtl.gov.in

**रोजगार सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, राराक्षे दिल्ली सरकार का एक उपक्रम, पे लेवल-9 में प्रत्येक के सामने इंगित अनुसार निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की इच्छुक है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबंधक (एचआर)-प्रशिक्षु | यूजीसी नेट, पेपर कोड 55 (श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक सम्पर्क) परीक्षा-दिसम्बर, 2026 के लिए वैध स्कोर के आधार पर। उम्मीदवार के पास निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए :-<br>i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एचआरडी/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक सम्पर्क में स्पेशलाइजेशन सहित व्यापार प्रशासन में पूर्णकालिक दो वर्षीय मास्टर डिग्री धारक अवश्य होना चाहिए।<br>iii) एचआर मामलों में तीन वर्षीय पोस्ट क्वालीफिकेशन अनुभव। |
| 2. | चिकित्सा अधिकारी-प्रशिक्षु | यूपीएससी संयुक्त चिकित्सा सेवाएं परीक्षा 2026 के माध्यम से क्वालीफाइड उम्मीदवार। अगस्त, 2026 के लिए निर्धारित परीक्षा। उम्मीदवार के पास निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए :-<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीबीएस डिग्रीधारक और क्लीनिकल कार्य में न्यूनतम 05 वर्षीय पोस्ट क्वालीफिकेशन अनुभव अवश्य होना चाहिए।<br>वांछनीय<br>i) हिन्दी का पर्याप्त ज्ञान<br>ii) सरकार द्वारा संचालित किसी डिस्पेंसरी/हस्पताल अथवा किसी नागरिक निकाय में कार्य करने का अनुभव<br>iii) कम्प्यूटरीकृत माहौल/एसएपी में कार्य करने का अच्छा ज्ञान और अनुभव स्नातकोत्तर योग्यता जैसे एमडी/एमएस सहित उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। |

रिक्तियां, योग्यता, भर्ती की प्रक्रिया इत्यादि निहित विस्तृत अधिसूचना दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.dtl.gov.in पर कैरियर सेक्शन के तहत यथा समय उपलब्ध होगी। सभी आकांक्षियों को विस्तृत भर्ती विज्ञापन के लिए डीटीएल की वेबसाइट के साथ अद्यतन बने रहने के लिए सूचित किया जाता है।

## चिंतन

# कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और अवसरों का सेतु भी है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई त्रि-भाषा नीति (थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला) भी इसी सोच पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की इस नीति पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता। अदालत की यह टिप्पणी शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करती है, लेकिन यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या इस नीति को लागू करने के लिए देश का शिक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार है? राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुभाषी बनाना, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना और शिक्षा को अधिक समावेशी बनाना है। नई व्यवस्था के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा और देश की भाषाई विविधता से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह कदम भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस नीति को लेकर कई व्यावहारिक चिंताएं भी सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि अनेक विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से फ्रेंच, जर्मन या अन्य विदेशी भाषाएं पढ़ रहे हैं। ऐसे छात्रों के लिए अचानक नई भारतीय भाषा अपनाना आसान नहीं होगा। इससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। दूसरी ओर, कई स्कूलों में संबंधित भाषाओं के प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अनेक भारतीय भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें भी समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए सीबीएसई ने अपनी प्रारंभिक व्यवस्था में संशोधन किया है। नई गाइडलाइन के अनुसार वर्तमान दसवीं, नौवीं, आठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। केवल वर्तमान छठी कक्षा के विद्यार्थी पहले ऐसे बैच होंगे, जिन पर यह नीति पूरी तरह लागू होगी। यह निर्णय बताता है कि सरकार भी चरणबद्ध तरीके से इस बदलाव को लागू करना चाहती है, ताकि विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े। वहीं जो छात्र शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में कक्षा 10वीं में प्रवेश करेंगे, उन्हें अपनी तीसरी भाषा (जिसे आर3 कहा गया है) का स्कूल-आधारित इंटरनल असेसमेंट पास करना ही होगा। इसके बिना उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। दरअसल, भाषा सीखने के अनेक लाभ हैं। शोध बताते हैं कि एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान बच्चों की स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करता है। भविष्य में रोजगार, उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर संवाद के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए नई भाषा सीखना कभी नुकसान का सौदा नहीं हो सकता। यदि पर्याप्त शिक्षक, गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें, डिजिटल सामग्री और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं होगा तो अच्छी मंशा वाली नीति भी विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भाषा नीति लागू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और विद्यार्थियों को बदलाव के लिए पर्याप्त समय मिले। बहुभाषी भारत में भारतीय भाषाओं को सम्मान मिलना समय की मांग भी है। यदि यही संतुलन बनाए रखा गया, तो सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी वास्तव में सार्थक सिद्ध होगी कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता।



आर्थिकी

ममता कुशवाहा

# महंगाई : अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौती

जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

कुछ दिन पहले जारी हुए खुदरा महंगाई के ताज़ा आंकड़ों ने एक बार फिर देश में आर्थिक बहस को तेज कर दिया है। जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

महंगाई का सामान्य अर्थ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से है। जब किसी परिवार को पहले की तुलना में समान वस्तुएं खरीदने के लिए अधिक धन खर्च करना पड़ता है, तब उसकी क्रय शक्ति घटने लगती है। यदि आय उसी गति से नहीं बढ़ती, जिस गति से महंगाई बढ़ रही हो, तो जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इनके बजट का बड़ा हिस्सा भोजन, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है, इसलिए कीमतों में मामूली वृद्धि भी उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर देती है। वर्तमान समय में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़े हैं। इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर हर परिवार की रसोई पर पड़ता है। भारत जैसे देश में जहां बड़ी आबादी सीमित आय पर निर्भर है, वहां खाद्य महंगाई केवल आर्थिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन जाती है। भोजन महंगा होने पर परिवार अपनी आवश्यकताओं में कटौती करने को मजबूर होते हैं, जिससे पोषण स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। महंगाई को बढ़ाने वाले कारण केवल घरेलू नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भारत जैसे आयात-निर्भर देशों के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है, तो परिवहन लागत बढ़ती है। इसका प्रभाव उद्योगों की उत्पादन लागत पर पड़ता है और अंततः उपभोक्ताओं को वस्तुएं महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। इस प्रकार वैश्विक घटनाओं का असर सीधे भारतीय बाजार और आम नागरिक के जीवन पर दिखाई देता है। जलवायु परिवर्तन भी महंगाई का एक बड़ा कारण बनकर उभरा है। अनियमित मानसून, अत्यधिक वर्षा, सूखा और प्राकृतिक आपदाएं कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं। यदि फसलें खराब होती हैं या उत्पादन कम होता है, तो बाजार में आपूर्ति घट जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। भारत की बड़ी आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है, इसलिए मौसम की अनिश्चितता केवल किसानों की आय ही नहीं, बल्कि पूरे



देश की खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता को प्रभावित करती है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और अधिक गंभीर हो सकते हैं, इसलिए कृषि क्षेत्र को अधिक सक्षम और तकनीक आधारित बनाने की आवश्यकता है। बढ़ती महंगाई का सबसे बड़ा प्रभाव देश की मौद्रिक नीति पर पड़ता है। भारतीय रिजर्व बैंक का प्रमुख उद्देश्य मूल्य स्थिरता बनाए रखना और आर्थिक विकास को संतुलित रखना है। यदि महंगाई लगातार लक्ष्य से ऊपर बनी रहती है, तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाने का निर्णय ले सकता है।

रेपो रेट बढ़ने का अर्थ है कि बैंकों को धन महंगा मिलेगा, जिसका असर गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और उद्योगों को मिलने वाले कर्ज पर पड़ेगा। ब्याज दरें बढ़ने से लोग कम खर्च करते हैं और उद्योग भी निवेश में सावधानी बरतते हैं। इससे आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी हो सकती है। इसलिए महंगाई पर नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाना केंद्रीय बैंक के लिए सबसे कठिन जिम्मेदारी होती है। महंगाई का प्रभाव केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहता। उद्योगों के लिए कच्चा माल, बिजली, ईंधन और परिवहन महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डालती हैं, तो वस्तुएं और महंगी हो जाती हैं। यदि वे कीमतें नहीं बढ़ातीं, तो उनका लाभ घटता है और निवेश प्रभावित होता है। इसका असर रोजगार सृजन पर भी पड़ सकता है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिनकी आर्थिक क्षमता सीमित होती है, ऐसे समय में सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं। परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की विकास दर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरकार के सामने भी इस समय अनेक चुनौतियां हैं। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर स्थायी नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए उत्पादन बढ़ाना, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करना, जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखना तथा कृषि और परिवहन क्षेत्र में सुधार करना आवश्यक है। आवश्यक वस्तुओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, भंडारण क्षमता बढ़ाना और किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना भी महंगाई नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम की जा सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में कहीं अधिक वैश्विक हो चुकी है। इसलिए दुनिया के किसी भी हिस्से में उत्पन्न आर्थिक या राजनीतिक संकट का प्रभाव भारतीय बाजार तक पहुंच जाता है। ऐसे में आर्थिक नीतियों को केवल वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि भविष्य के संभावित जोखिमों को देखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को एक साथ लेकर चलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सरकार, रिजर्व बैंक, उद्योग जगत और किसानों के बीच बेहतर समन्वय ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान दे सकता है। वास्तव में बढ़ती महंगाई केवल कीमतों का प्रश्न नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और विकास की दिशा से जुड़ा हुआ विषय है। यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं, तो इस चुनौती को अवसर में भी बदला जा सकता है। मजबूत कृषि व्यवस्था, पारदर्शी बाजार, संतुलित मौद्रिक नीति, बेहतर आपूर्ति तंत्र और दूरदर्शी आर्थिक निर्णय ही भारत को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचा सकते हैं। आज आवश्यकता आंकड़ों पर बहस करने से अधिक ठोस और समन्वित कार्रवाई की है, ताकि आर्थिक विकास की गति भी बनी रहे और आम नागरिक की थाली तथा जेब दोनों सुरक्षित रह सकें।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संघर्ष

डॉ. घनश्याम बादल



# होर्मुज़ पर टैक्स की जंग समुद्र पर किसका अधिकार

युद्ध केवल मोर्चों पर नहीं लड़े जाते, वे समुद्रों, व्यापार मार्गों, अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर भी लड़े जाते हैं। आज फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, हार्मुज़ जलडमरूमध्य, इसी प्रकार के संघर्ष का केंद्र बन गया है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर युद्धविराम की शर्तें तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। एक ओर ईरान अपने समुद्री क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण और शुल्क लगाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका भी समुद्री सुरक्षा के नाम पर जहाजों से 20 प्रतिशत शुल्क वसूलने की घोषणा कर चुका है। दोनों पक्ष अपने-अपने कदम को वैध ठहरा रहे हैं, किंतु प्रश्न यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा? उत्तर स्पष्ट है-दुनिया। ताज़ा घटनाक्रम में दोनों देश युद्धविराम के उल्लंघन के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने हार्मुज़ में जहाजों की आवाजाही बाधित कर समझौते की भावना का उल्लंघन किया, जबकि ईरान का कहना है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, नाकेबंदी और इज़राइल को समर्थन ने युद्धविराम को अर्थहीन बना दिया। स्वतंत्र रूप से इन दावों की पूरी पुष्टि संभव नहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि दोनों पक्ष युद्धविराम की अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं और यही टकराव का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इस पूरे संकट में इज़राइल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ईरान का आरोप है कि इज़राइल की सैन्य गतिविधियों को अमेरिकी समर्थन प्राप्त है, जबकि अमेरिका इसे क्षेत्रीय सुरक्षा का प्रश्न बताता है। परिणाम यह है कि युद्ध केवल ईरान और अमेरिका के बीच सीमित नहीं रह गया, बल्कि पूरा पश्चिम एशिया उसकी चपेट में आ गया है। हार्मुज़ विश्व ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा है। सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। यदि इस मार्ग पर कोई भी पक्ष कर लगाए, जहाजों को रोकें या सैन्य नियंत्रण स्थापित करें, तो उसका प्रभाव केवल खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतें बढ़ेंगी, समुद्री बीमा महंगा होगा, माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी और अंततः पूरी दुनिया में महंगाई का दबाव बढ़ेगा। सबसे रोचक और विडंबनापूर्ण स्थिति यह है कि दोनों पक्ष लगभग एक जैसी नीति अपना रहे हैं। ईरान कहता है कि वह अपनी समुद्री सीमा और सुरक्षा के लिए शुल्क लेगा। अमेरिका कहता है कि वह समुद्री सुरक्षा उपलब्ध करा रहा है, इसलिए उसके लिए भी शुल्क लिया जाना चाहिए। नाम अलग-अलग हो सकते हैं-'टैक्स', 'टोल', 'सुरक्षा शुल्क' या 'प्रतिपूर्ति'-लेकिन अंततः भुगतान जहाज मालिकों को करना होगा और उसका भार दुनिया के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही इस पूरे विवाद की सबसे बड़ी विडंबना है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का मूल सिद्धांत यह है कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए। किसी एक देश द्वारा समुद्री मार्ग को आर्थिक या राजनीतिक दबाव का साधन बनाना वैश्विक व्यापार व्यवस्था की भावना के विरुद्ध माना जाता है। यही कारण है कि दोनों पक्षों के दावों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रश्न उठ रहे हैं। भारत के लिए यह संकट विशेष चिंता का विषय है।

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग आयात करता है और उसका महत्वपूर्ण हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। यदि हार्मुज़ में तनाव बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी, पेट्रोल और डीज़ल महंगे होंगे, परिवहन लागत बढ़ेगी, उर्वरकों की कीमत प्रभावित होगी और अंततः महंगाई का दबाव आम नागरिक तक पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा और भारतीय निर्यात-आयात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। खाड़ी देशों की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। वे एक ओर अमेरिका के सुरक्षा सहयोगी हैं, दूसरी ओर उनकी अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात पर निर्भर है। इसलिए वे किसी भी ऐसे संघर्ष से बचना चाहते हैं जिससे व्यापार बाधित हो। लंबे समय तक तनाव बना रहा तो खाड़ी देशों की आर्थिक वृद्धि और निवेश दोनों प्रभावित होंगे। वास्तविकता यह है कि आधुनिक युद्धों में 'आर-पार की जीत' अब लगभग असंभव हो गई है। अमेरिका जैसी महाशक्ति भी ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति-संपन्न देश को स्थायी रूप से झुका नहीं सकती, और ईरान भी अमेरिका को सैन्य रूप से पराजित करने की स्थिति में नहीं है। यह संघर्ष किसी एक क्षेत्र का नहीं, पूरी मानवता का प्रश्न बन चुका है। यदि अमेरिका और ईरान वास्तव में शांति चाहते हैं तो उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि प्रतिष्ठा की लड़ाई में आर्थिक स्थिरता और वैश्विक विश्वास को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। आधुनिक विश्व में स्थायी विजय युद्ध से नहीं, संवाद और संतुलित कूटनीति से ही प्राप्त होती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूढ़ते हैं दोष



संकलित

दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। *- संकेत अग्रवाल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# यूरोप में भीषण गर्मी भौंरों के लिए साबित हो रही जानलेवा

संभव है कि गर्मियों के महीनों में आपको अपने आस-पास फुटपाथ पर मरे हुए भौंरे (बम्बलबीज) दिखाई दें। इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें कुछ मौसमी और काफी हद तक इंसानी गतिविधियां हैं। भौंरे सामाजिक होते हैं और कॉलोनियों में रहते हैं। इन कॉलोनियों को बहुत सक्रिय मजदूर भौंरें चलाते हैं, जिनकी उम्र बहुत छोटी यानी चार से छह हफ्ते की होती है। इसका अभिप्राय है कि काफ़ी कम समय में ही बूढ़े होकर ये भौंरें मर जाते हैं और कॉलोनी में बीमारी फैलने से रोकने के लिए, स्वस्थ युवा मजदूर भौंरे मरे हुए भौंरों को बाहर निकालकर कॉलोनी से काफ़ी दूर ले जाते हैं। एक और वजह मौसम है। 2026 में




इंग्लैंड में जून का महीना अब तक का सबसे गर्म रहा (और पूरे ब्रिटेन के लिए यह दूसरा सबसे गर्म महीना था) और इस गर्मी में तापमान के और भी ज्यादा रहने की आशंका है। इस तरह की अत्यधिक गर्मी से भौंरों में तनाव पैदा होता है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से उनके विकास पर असर पड़ता है और उनकी आबादी की लंबे समय की स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। भीषण गर्मी का नकारात्मक असर इन भौंरों के प्रजनन, उड़ने और भोजन की तलाश करने की क्षमता पर भी पड़ता है।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी


साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### अदम्य कौशल



भारतीय महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत। इंग्लैंड के खिलाफ आज का टेस्ट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। यह भारतीय महिला क्रिकेट के अदम्य कौशल का प्रतीक है।

**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### डबल-इंजन' सरकार



भारत सरकार पश्चिम बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। 'डबल-इंजन' सरकार कदम-से-कदम मिलाकर और कंधे-से-कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी। पश्चिम बंगाल को तरक्की और विकास के मामले में देश में नंबर वन बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

**-शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### शिक्षा व्यवस्था



भ्रष्ट, अन्यायपूर्ण, पक्षपाती और बेईमान - ये चार शब्द मेरे नहीं हैं, बल्कि देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। सच तो यह है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब जबरन वसूली का एक बेईमान ज़रिया बन गई है।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन



सीजेपी का जंतर-मंतर पर कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। सोनम वांगचुक वहां कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हम उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा बना आधुनिक रेल क्रांति का अग्रदूत



विकसित भारत विकसित हरियाणा

नायब सिंह सैनी

देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन जींद-सोनीपत रेलखंड से होगा



भारत आज विकास के ऐसे स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। रेलवे क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। आज भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक, अत्याधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी विकास यात्रा में हरियाणा को एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाना केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने सदैव इस बात पर बल दिया है कि भारत का विकास आधुनिक तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित होना चाहिए। इसी सोच का परिणाम है कि आज भारत स्वदेशी तकनीक के बल पर नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में एक परिवर्तनकारी पहल है। यह परियोजना दर्शाती है कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि नई तकनीकों का निर्माता और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन रहा है। पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण के साथ तैयार यह ट्रेन भारतीय इंजीनियरों की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत उदाहरण है। यह हाइड्रोजन ट्रेन ब्रॉड गेज पर संचालित होने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी। लगभग 141 करोड़ की लागत से तैयार इस ट्रेन में दो ड्राइविंग पावर कार और आठ यात्री कोच होंगे। लगभग 2400 किलोवाट की शक्ति क्षमता के साथ यह रेलवे की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी। इसका सफल ट्रायल पूरा हो चुका है तथा मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि भारत अत्याधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। हरियाणा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह परियोजना प्रदेश को आधुनिक रेलवे तकनीक का केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी। लगभग 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी। इससे न केवल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। आज हरियाणा में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। चाहे राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार हो, रेलवे अवसंरचना का आधुनिकीकरण, हवाई सेवाओं का विस्तार, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई परियोजनाएं हों या आधुनिक सार्वजनिक सुविधाओं का विकास-हर क्षेत्र में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भी इसी समन्वित विकास दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधानमंत्री नका स्पष्ट विजन रहा है कि भारत का विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक क्षेत्र तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचें। इसी सोच के अनुरूप हरियाणा में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, उद्योग और डिजिटल अवसंरचना को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रदेश में आधुनिक परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन यह दर्शाता है कि डबल इंजन सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा मानी जाती है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। रेलवे द्वारा हाइड्रोजन तकनीक को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि देश भविष्य की चुनौतियों के लिए आज से ही तैयारी कर रहा है। आज भारत दुनिया के सामने एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय करते हुए विकास की नई इबारत लिख रहा है। हरियाणा इस परिवर्तनकारी यात्रा का सक्रिय सहभागी है। यह परियोजना प्रदेश के युवाओं, इंजीनियरों और उद्योग जगत के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित करेगी।डबल इंजन सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश इसी प्रकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत, हरित विकास, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं)

## खबर संक्षेप

### शिअद को बड़ा झटका महासचिव ने छोड़ी पार्टी



**तरनतारन।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को मंगलवार बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के महासचिव इकबाल सिंह संधू ने प्रथम सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया। वे लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए थे व तरनतारन हलके से टिकट के प्रबल दावेदार रहे हैं। संधू गांव मथरेवाल से संबंधित हैं। वे एसएस बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

### मंडी गोबिंदगढ़ में बेअदबी के आरोपी की हत्या



**गोबिंदगढ़।** पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ से सनसनीखेज खबर है। यहां गांव तुर्रा में सोमवार देर रात श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के आरोपी की घर में घुसकर हत्या कर दी है। मृतक मेवा सिंह तुरां गांव का रहने वाला था। 6 साल पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी का आऱोप है।आरोपी ने घुसकर तलवार से हमला किया।

### राष्ट्रपति आज करेंगी 'सौश्रुतम ' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू15 जुलाई को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में 3 दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम 2026' का उद्घाटन करेंगी। आयुष मंत्रालय के तहत यह 15-17 जुलाई तक चलेगा, जबकि 14 जुलाई को पूर्व-कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह शल्य चिकित्सा के जनक आचार्य सुश्रुत की जयंती पर हो रहा है।

### रामनगर-देहरादून रेल सेवा 18 जुलाई से



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड में रामनगर से देहरादून के बीच ट्रेन सेवा 18 जुलाई को शुरू होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

बलूनी ने कहा कि यह देहरादून आने-जाने वाले स्थानीय लोगों की यात्रा को बहुत आसान बना देगी।

## रेल मंत्री वैष्णव ने आधुनिकीकरण की कई घोषणाएं की

# रेलवे में बड़े सुधारों का ऐलान: अब कंटेनरों में होगी उर्वरक और फ्लाई ऐश की ढुलाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों की घोषणा की है। इनमें उर्वरकों और फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए कंटेनर आधारित व्यवस्था, उद्योगों को नए वैगन डिजाइन करने की अनुमति, रेलवे भूमि अधिग्रहण के लिए डिजिटल पोर्टल तथा रेलवे परियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों के लिए कौशल प्रमाणन प्रणाली शामिल है।

मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में रेल मंत्री ने कहा कि देश में उर्वरकों के परिवहन का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा भारतीय रेलवे के माध्यम से होता है। अब उर्वरकों की ढुलाई पारंपरिक बंद माल डिब्बों के बजाय विशेष रूप से डिजाइन किए गए कंटेनरों में भी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कंटेनर आधारित व्यवस्था से माल की हैंडलिंग अधिक आसान होगी, भंडारण के दौरान प्रदूषण कम होगा और पूरे रैक को रोककर रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जरूरत के अनुसार केवल संबंधित कंटेनर को ही रैक प्वाइंट पर उतारा या रखा जा सकेगा, जिससे लॉजिस्टिक्स अधिक दक्ष बनेंगे। रेल मंत्री ने फ्लाई ऐश परिवहन में भी बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि अब इसकी ढुलाई खुले वैगनों के बजाय विशेष कंटेनरों में होगी।

उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 34 करोड़ टन फ्लाई ऐश का उत्पादन होता है, जिसका उपयोग सीमेंट निर्माण और सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर किया जाता है। नई व्यवस्था से लोडिंग, परिवहन और भंडारण के दौरान उड़ने वाली धूल में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। अश्विनी वैष्णव ने कंटेनर नीति के तहत एकीकृत लाइसेंस प्रणाली लागू करने की भी घोषणा की, जिससे अनुमतियों की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। रेल मंत्री ने उद्योग जगत को बड़ी राहत देते हुए कहा कि अब रेलवे वैगनों का डिजाइन उद्योग स्वयं तैयार कर सकेगा। कोई भी डिजाइनर या निर्माता अपनी आवश्यकता के अनुरूप नए वैगन का डिजाइन प्रस्तुत कर सकता है। डिजाइन के तकनीकी मूल्यांकन के बाद रिसर्च डिजाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन प्रोटोटाइप विकसित करने की अनुमति देगा। इससे विभिन्न उद्योगों की जरूरतों के अनुसार विशेष प्रकार के वैगन विकसित किए जा सकेंगे।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि रेलवे भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए जल्द ही 'रेल भूमि पोर्टल' शुरू किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से भूमि अधिग्रहण के विभिन्न चरणों की ऑनलाइन निगरानी और प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। रेल मंत्री ने रेलवे परियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों के लिए कौशल प्रमाणन लागू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे अधिकतम 24 महीनों के भीतर सभी रेलवे परियोजनाओं में लागू कर दिया जाएगा।

उनके अनुसार, देश में तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है, ऐसे में प्लंबर, वेल्डर, फिटर, राजमिस्त्री, कंक्रीट परीक्षक सहित सभी तकनीकी श्रमिकों का प्रशिक्षित और प्रमाणित होना आवश्यक है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेलवे में लगातार संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। इन सुधारों का उद्देश्य रेलवे को अधिक आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल, दक्ष और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है।

## शिवराज ने सुवेंदु के साथ की समीक्षा

# 'मालदा प्लांट', सीड हब, राइस ऑर्किड वैल्यू चेन से होगा बदलाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान सीएम सुवेंदु अधिकारी और राज्य के मंत्रीगण तथा केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोलकाता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें सिंह ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और घोषणाएं की गई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंह ने कहा कि बंगाल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति देने केंद्र और राज्य मिलकर कार्य कर रही हैं। सड़क एवं राजमार्ग, रेलवे, मेट्रो, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, कोयला तथा श्रम क्षेत्रों से संबंधित 82,000 करोड़ से अधिक लागत की 19 महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन, यूटिलिटी शिफ्टिंग, वन स्वीकृतियों, राइट ऑफ वे तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़ी लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकार, जिला प्रशासन और कार्यान्वयन एजेंसियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित परियोजनाओं की बाधाएं दूर कर उन्हें नई गति और दिशा दी जा रही है। चौहान ने बताया कि केंद्र ने बंगाल के लिए 8,508 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। राज्य सरकार के हिस्से के साथ कुल संसाधन 12,064 करोड़ से ऊपर होंगे जो 31 मार्च तक पंचायतों के माध्यम से सीधे गांवों में जाएंगे रोजगार देने और गांवों के संपूर्ण विकास के लिए। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य सिर्फ 100 दिन का नहीं, 'सवा सौ दिन का रोजगार' है, ताकि आमदनी सुरक्षित रहे और किसी प्राकृतिक आपदा या स्थानीय संकट की स्थिति में प्रशासन अतिरिक्त काम और मदद दे सके। उन्होंने जी राम जी अधिनियम 2025 का उल्लेख किया जो 1 जुलाई से लागू होकर ग्रामीण रोजगार और आजीविका के लिए नया राष्ट्रीय फ्रेमवर्क दे रहा है। बंगाल में भी इसके तहत टिकाऊ परिसंपत्तियों-सड़क, तालाब, छोटे सिंचाई ढांचे, स्कूल–आंगनबाड़ी भवन पर खास ध्यान रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बंगाल के लिए 1 लाख मकानों की अंतरिम स्वीकृति दी। क्लीन प्लांट प्रोग्राम के तहत देशभर में 9 क्लीन प्लांट सेंटर शुरू करने की घोषणा के संदर्भ में चौहान ने कहा कि मालदा जैसे फल समृद्ध क्षेत्रों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। मालदा क्लीन प्लांट/ग्रीन प्लांट सुविधा का उद्देश्य आम, लीची और अन्य फलों के लिए रोगमुक्त, उच्च गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करना हैं। बंगाल के 'राइस बाउल' क्षेत्रों में पोषण संवर्धन, वैल्यू चेन विकास और प्रोसेसिंग सुविधाओं के लिए विशेष प्रोजेक्ट को मंजूरी देने की जानकारी भी दी। इन प्रोजेक्ट्स के तहत पोषणयुक्त धान, मक्का बीज उत्पादन, स्टोरेज–प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन पर काम होगा ताकि किसानों को ज्यादा दाम और स्थिर बाजार मिल सके। उन्होंने कहा कि बंगाल को पूर्वी भारत का सीड हब बनाया जाएगा- आलू बीज, हाइब्रिड मक्का बीज और अन्य फसलों के बीज उत्पादन के लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन किए गए हैं।

## गृहमंत्री शाह से डॉ. पूनियां ने की भेंट

# दोनों नेताओं में संगठन और राजनैतिक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से हरियाणा भाजपा के प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मंगलवार को मुलाकात की। राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूनियां ने शाह का बाड़मेर-जैसलमेर की प्रसिद्ध हथकरघा बुनाई से निर्मित 'पट्टू' ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया।



पूनियां ने शाह को 'अग्निपथ नहीं जनपथ' पुस्तक भेंट की। पूनियां ने कहा कि शाह का स्नेह एवं संगठनात्मक मार्गदर्शन सदैव नई ऊर्जा प्रदान करता है। दोनों नेताओं के बीच संगठन और राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

## सीएम योगी ने गृहमंत्री शाह से मुलाकात की

# यूपी सरकार, प्रदेश भाजपा संगठन सहित कई मुद्दों पर हुई दोनों में चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने दिल्ली दौरे के तहत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक यूपी सरकार, प्रदेश भाजपा संगठन और राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण सहित कई मुद्दों पर बात हुई। अगले साल होने जा रहे यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भी दोनों के बीच चर्चा हुई, ऐसा सूत्रों का कहना है।



मुख्यमंत्री के अचानक दिल्ली दौरे से राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। योगी भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर सकते हैं।

## नोएडा घोटाला पर सीबीआई की कार्रवाई

# साहा इन्फ्राटेक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई पर चार्जशीट पेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के हजारों होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी और बिल्डर-बैंक गठजोड़ की जांच के बीच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा स्थित एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में एमएस साहा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशक तथा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के कुछ अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह चार्जशीट नई दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू जिला न्यायालय में सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में प्रस्तुत की गई है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि बिल्डर कंपनी, उसके निदेशकों, बैंक अधिकारियों और अन्य निजी व्यक्तियों ने कथित रूप से आपराधिक साजिश के तहत होमबायर्स और निवेशकों को झूठे आश्वासन तथा भ्रामक दावों के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कथित तौर पर अवैध और भ्रामक तरीकों से आर्थिक लाभ अर्जित किया गया, जिससे बड़ी संख्या में खरीदारों को नुकसान उठाना पड़ा।

## 12 वर्षों से फरार अपराधी शिबू अरेस्ट

# कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही थी इसकी जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने बहुचर्चित सुकांत घोष हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लगभग एक दशक से अधिक समय से फरार चल रहे घोषित अपराधी शिबू कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी लंबे समय से अपनी पहचान छिपाकर अखिलेश कुमार शाही नाम से रह रहा था। सीबीआई के अनुसार, शिबू कुमार सिंह को गोरखपुर के रायगंज रोड स्थित साउथ गांधी आश्रम में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी मानव स्रोतों से मिली सूचनाओं तथा तकनीकी निगरानी के आधार पर की गई। सीबीआई ने बताया कि सुकांत घोष हत्याकांड की जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के 27 अगस्त 2009 के आदेश के बाद उसके हवाले की गई थी। विस्तृत जांच के बाद एजेंसी ने 31 दिसंबर 2010 को पहली चार्जशीट तथा 14 नवंबर 2011 को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें शिबू कुमार सिंह सहित चार आरोपियों को नामजद किया गया था।

## नवीन बोले-बांकीपुर की जनता ने मुझे स्नेह-आशीर्वाद दिया

# राज्यसभा सांसद के रूप में भी बांकीपुर का विकास, जनसेवा जनविश्वास के प्रति मेरा संकल्प अटूट रहेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को बिहार के पटना में मीडिया से कहा कि पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता नीरज सिन्हा को उम्मीदवार बनाकर जनता की सेवा का दायित्व सौंपा है।

नवीन ने कहा कि राज्यसभा सांसद के रूप में भी बांकीपुर के विकास के लिए मेरा संकल्प निरंतर बना रहेगा और विश्वास जताया कि सिन्हा सेवा और समर्पण के भाव से बांकीपुर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष



और राज्यसभा सांसद बनने के बाद मेरा एक दिवसीय बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का एक दिवसीय प्रवास था। चूंकि यह मेरा क्षेत्र रहा है, इसलिए क्षेत्र की जनता की अपेक्षा थी कि मैं उनके सामने आऊं। मुझे बड़ी खुशी है कि पार्टी ने एक मंडल अध्यक्ष जैसे कार्यकर्ता को जनता की सेवा करने का अवसर दिया।

लंबे समय से क्षेत्र की जनता के साथ मेरा पारिवारिक संबंध रहा है। मैं हमेशा कहता हूं कि मेरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और जनता ने ही मुझे काम करना सिखाया है। यदि मैं आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं, तो उसमें मेरे क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और स्नेह का सबसे बड़ा योगदान है। मुझे पूरी उम्मीद है कि पार्टी ने जिस कार्यकर्ता को फिर से अवसर दिया है, वह जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं के परिवार का सदस्य है और ऐसा युवा है, जिसे क्षेत्र के लोग एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जानते हैं।

## छग, पंजाब, असम, अरुणाचल, त्रिपुरा, उत्तराखंड हिमाचल के लोगों ने भाग लिया

# 7 राज्यों में वर्चुअल आउटरीच कार्यशालाओं के माध्यम से पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत 13 और 14 जुलाई को वर्चुअल आउटरीच कार्यशालाओं का आयोजन किया। जिसमें छत्तीसगढ़, पंजाब, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित सात राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्वयं के राजस्व स्रोतों (ओएसआर) को बढ़ाकर पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण, उद्देश्यों और कार्यान्वयन ढांचे से परिचित कराया गया। प्रतिभागियों को अपने संदेश में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने पंचायती राज संस्थाओं से सतत राजस्व स्रोतों के निर्माण के लिए स्थानीय संसाधनों और नवोन्मेषी विचारों का उपयोग करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतों के स्वयं के राजस्व स्रोतों (ओएसआर) को मजबूत करके उनकी वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

इस कार्यक्रम के तहत, पारदर्शी राष्ट्रीय चैलेंज प्रक्रिया के माध्यम से पंचायतों को स्थानीय संसाधनों और क्षमताओं पर आधारित, निष्क्रिय परिसंपत्तियों तथा अप्रयुक्त स्थानीय अवसरों का उपयुक्त उपयोग कर राजस्व सृजन करने वाली नवाचारी परियोजनाओं के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कम से कम 50 लाख रुपये के ओएसआर वाली ग्राम पंचायतें और कम से कम 1 करोड़ रुपए के ओएसआर वाली ब्लॉक पंचायतें, जिनका कार्यकाल कम से कम तीन वर्ष शेष हो, आवेदन करने के लिए पात्र हैं। चयनित प्रस्तावों को बैंक से वित्तपोषण योग्य परियोजनाओं में विकसित करने के लिए तकनीकी सहायता प्राप्त होती है, और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), बैंक वित्त और सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय के माध्यम से वित्तपोषण की सुविधा प्रदान की जाती है। नाबार्ड और हुडको कार्यक्रम के संस्थागत भागीदार हैं, जो परियोजना विकास और वित्तीय सुविधा सहायता प्रदान करते हैं। कार्यशालाओं के दौरान, प्रतिभागियों को स्थायी राजस्व सृजन के लिए स्थानीय अवसरों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन सत्रों में नाबार्ड और हुडको द्वारा प्रस्तुतियाँ, कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों का अवलोकन, आत्मनिर्भर पंचायत पोर्टल का लाइव प्रदर्शन और एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल थे, ताकि प्रतिभागियों को कार्यक्रम और इसके कार्यान्वयन ढांचे की व्यापक समझ प्राप्त हो सके।इसके साथ ही, आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम का दायरा अब देश भर के दस राज्यों तक विस्तारित हो गया है। इससे पहले हैदराबाद,गांधीनगरऔर कोच्चि में व्यक्तिगत और हाइब्रिड कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी थीं।

# एआई से युवाओं के कौशल को मिलेगी नई दिशा, नौकरी जाने के डर के बजाय स्किल अपग्रेड करें युवा: मनसुख मंडाविया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युवाओं के कौशल विकास को नई गति देने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। उन्होंने युवाओं और श्रमिकों से अपील की कि वे नई तकनीकों को जिम्मेदारी के साथ अपनाएं तथा नौकरी जाने के भय से ग्रस्त होने के बजाय अपने कौशल को समय के अनुरूप उन्नत करें। डॉ. मंडाविया मंगलवार को हैदराबाद में ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम शिखर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एआई और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकें दुनियाभर में कार्य संस्कृति और उद्योगों में व्यापक बदलाव ला रही हैं। ऐसे समय में श्रमिकों के लिए नई तकनीकों के अनुरूप स्वयं को तैयार करना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों और ट्रेड यूनियनों के बीच मजबूत सहयोग समय की मांग है। देश और राज्यों के विकास में श्रमिकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति और श्रमिक कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने ब्रिक्स देशों के बीच भी आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि साझा विकास और समृद्धि के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बदलती तकनीकी आवश्यकताओं को देखते हुए स्किल इंडिया मिशन के तहत नए और आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ई-श्रम पोर्टल की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को एक मंच पर लाकर उन्हें योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। सरकार माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट्स पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि कामगारों के लिए विदेशों में अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। इन समझौतों से श्रमिकों को वैश्विक रोजगार में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। देश की मानव संसाधन क्षमता को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### रुपया 62 पैसे टूटकर 96.30 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने के बीच रुपया मंगलवार को 62 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96.30 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि नए सिरे से बढ़े भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी जिससे रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.95 प्रति डॉलर पर खुला और 96.30 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### आदित्य बिड़ला समूह की इकाई स्प्रिंग एनर्जी को खरीदेगी

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज की इकाई आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एबीआरईएन) ने करीब 1.8 अरब डॉलर (लगभग 17,200 करोड़ रुपये) में शेल ओवरसीज इन्वेस्टमेंट बी वी से स्प्रिंग एनर्जी के अधिग्रहण पर सहमति जताई है। इस सौदे से देश के सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मंचों में से एक के गठन की राह खुलेगी। आदित्य बिड़ला समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से एबीआरईएन की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर करीब 9.3 गीगावाट-पीक (जीडब्ल्यूपी) हो जाएगी।

### उच्चतम न्यायालय में कोटक एएमसी की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बाजार नियामक सेबी द्वारा कोटक महिंद्रा एएमसी, कोटक महिंद्रा ट्रस्टी कंपनी और उनके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार रखते हुए कहा कि प्रतिभूति नियमों का पालन अनिवार्य है, चाहे निवेशकों को लाभ हुआ हो या हानि। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्त और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कोटक एएमसी, कोटक ट्रस्टी और छह अधिकारियों की अपील खारिज कर दी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# खाद्य वस्तुओं के दाम चढ़ने से जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य व गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से जून में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में यह 9.68 प्रतिशत के स्तर पर थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.49 प्रतिशत हो गई जो मई में 3.60 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11.07 प्रतिशत रही जबकि खनिज श्रेणी में यह 9.45 प्रतिशत दर्ज की गई।

■ डब्ल्यूपीआई की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि थोक मुद्रास्फीति के जून, 2026 के आंकड़े पर खनिज तेल (जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं), खाद्य वस्तुएं, विनिर्मित मूल धातु तथा विनिर्मित रसायन एवं रासायनिक उत्पादों की कीमतों का असर दिखा।

**खास बातें**

- खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.49 फीसदी थी
- गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11.07 प्रतिशत रही



### महंगाई अपने उच्चतम स्तर के करीब

बार्कलेज ने कहा, '' हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से युद्धविराम समझौता एक बार फिर खतरे में पड़ गया है। ऐसे में हम थोक महंगाई और उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आगामी आंकड़ों पर करीबी नजर रखे हुए हैं। हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति के ये आंकड़े अब अपने उच्चतम स्तर के करीब हैं और आने वाले कुछ महीनों में इनमें नरमी आने की उम्मीद है।''

### वैश्विक स्तर पर जिंस व कच्चे तेल में कुछ नरमी रही

बार्कलेज ने बयान में कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद जून में वैश्विक स्तर पर जिंस और कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई। इसका असर ईंधन एवं बिजली श्रेणी की थोक महंगाई में कमी के रूप में दिखाई दिया।

### प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में कुल थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि की मुख्य वजह प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही, जिसने ईंधन श्रेणी की मुद्रास्फीति में आई नरमी के असर को बेअसर कर दिया।

### थोक महंगाई के नरम पड़ने के आसार

बोफा ग्लोबल रिसर्च में भारत और आसियान आर्थिक अनुसंधान के प्रमुख राहुल बजोरिया ने कहा कि 2026 की तीसरी तिमाही में थोक मुद्रास्फीति के नरम पड़ने के आसार हैं। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति भी जून में बढ़कर 17 महीने के उच्चस्तर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जबकि इससे पिछले महीने यह 3.93 प्रतिशत थी।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। सरकार ने दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ कुल मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को पिछले महीने 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

## केनरा रोबेको एएमसी' की निवेश बस यात्रा दिल्ली-एनसीआर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड हाउस, केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड की इन्वेस्टमेंट मैनेजर, केनरा रोबेको एएमसी ने निवेश बस यात्रा की शुरुआत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में की है। यह पहल निवेशकों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने और म्यूचुअल फंड के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से की गई है। इसका उद्देश्य राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लोगों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाना तथा म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह बस यात्रा 4 जुलाई को दिल्ली से शुरू हुई थी और अब गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, रोहतक, हिसार, करनाल, पानीपत और सोनीपत जैसे शहरों में पहुंचकर लोगों को निवेश संबंधी जानकारी दे रही है। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रजनीश नरूला ने कहा आज के बदलते वित्तीय माहौल में सही जानकारी सबसे बड़ी ताकत है। जागरूक निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर फैसले लेते हैं, बल्कि मजबूत वित्तीय व्यवस्था बनाने में भी योगदान देते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2026-27-04** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण | The different mechanical work of 'Dismantling of Loco Equipment / Sub-Assemblies of WAP5 locomotive' at Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | ₹46,60,168.00 |
| 3. | धरोहर राशि | ₹93,200.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 14.08.2026 (15:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 14.08.2026 (After 15:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।
संख्या 230-TRS-GZB-2026-27-04 दिनांक : 13.07.2026 2419/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त ( 1 ) **प्रेम उर्फ प्रेमू, पुत्र वसारू राम उर्फ वीरू निवासी डी–122, जेजे कॉलोनी, सावदा कंझावला दिल्ली, ( 2 ) गिलिन उर्फ गिलीन पुत्र मणि लाल निवासी मकान नं. 539, एच–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सावदा, कंझावला, दिल्ली और ( 3 ) नीनू पुत्र जीवन लाल निवासी मकान नंबर 885, ओ–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सावदा, कंझावला, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 101/2026, धारा 318( 4 )/3( 5 ) भारतीय न्याय संहिता, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम उर्फ प्रेमू, गिलिन उर्फ गिलीन और नीनू** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम उर्फ प्रेमू, गिलिन उर्फ गिलीन और नीनू** फरार हो गयें है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 101/2026, धारा 318( 4 )/3( 5 ) भारतीय न्याय संहिता, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रेम उर्फ प्रेमू, गिलिन उर्फ गिलीन और नीनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्यम लीला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/9546/SE/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलजार अहमद, पुत्रः रियाज अहमद, पताः म. नं. बी–258, गली नं. 20, सुभाष मोहल्ला, नॉर्थ गोंडा, दिल्ली** ने **FIR No. 84/2021, U/s 25 Arms Act, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुलजार अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुलजार अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 84/2021, U/s 25 Arms Act, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अभियुक्त **गुलजार अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 05, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9680/NE/2026

## सोने में 700 रुपये की गिरावट और चांदी 8,900 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि कमजोर मांग के कारण घरेलू सराफा बाजार में चांदी 8,900 रुपये प्रति किलो टूट गई। घरेलू सराफा बाजार में मांग कमजोर रहने से कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये कमजोर होकर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के मुकाबले चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज की गई। इसकी कीमत 8,900 रुपये लुढ़ककर 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। इससे पहले सोमवार को चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत रहने के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक उपभोक्ताओं की सुस्त मांग के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,020.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 58.06 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## कच्चे तेल में तेजी से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 561 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 561 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल के दाम में तेजी आई है और निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये के 96 के स्तर से नीचे आने का भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीन कारोबारी सत्रों की बढ़त के बाद, बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 561.46 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटकर 77,054.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 614.92 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 77,001.48 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 158.95 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,052.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## बीमा उत्पादों की बिक्री से बढ़ी सरकारी बैंकों की 'कमाई'

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बीमा उत्पादों की बिक्री से मिलने वाला कमीशन में वित्त वर्ष 2025-26 में अच्छी वृद्धि देखने को मिली है। अधिकतर बैंकों ने इस कारोबार से प्राप्त आय में वृद्धि दर्ज की। हालांकि, म्यूचुअल फंड वितरण से होने वाली आय का रुख मिला-जुला रहा। कुछ बैंकों की इस मद से आय बढ़ी, जबकि कुछ में गिरावट दर्ज की गई। बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला कि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने इस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखा। वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक का बीमा कमीशन 19.26 प्रतिशत बढ़कर 2,795.01 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2024-25 में 2,345.36 करोड़ रुपये था। एसबीआई का म्यूचुअल फंड वितरण से कमीशन 7.05 प्रतिशत बढ़कर 1,617.52 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1,511.06 करोड़ रुपये था। एसबीआई की बीमा कमीशन से हुई कुल 2,795.01 करोड़ रुपये की आय में से 2,384.63 करोड़ रुपये उसकी जीवन बीमा अनुषंगी एसबीआई लाइफ की पॉलिसियों के वितरण से प्राप्त हुई। इसी तरह, 22,000 से अधिक शाखाओं वाले देश के सबसे बड़े बैंक की म्यूचुअल फंड वितरण से कुल आय में लगभग तीन-चौथाई यानी 1,209.33 करोड़ रुपये का योगदान एसबीआई म्यूचुअल फंड का रहा।

## खैरथल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**नई दिल्ली।** खैरथल रेलवे स्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे किशनगढ बास, तिजारा और खैरथल के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी पॉइंट है। साथ ही खैरथल अलवर जिले का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। खैरथल रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। यहां से हजारों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत खैरथल स्टेशन का लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है जिससे स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार खैरथल रेलवे स्टेशन के भवन को पुर्ण रूप ये नवीनीकृत किया गया है । अब यह स्टेशन स्थानीय कला और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है तथा स्टेशन भवन में पोर्च का निर्माण किया गया है। सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सुविधा क्षेत्र को 1200 वर्ग मीटर से बढाकर 3600 वर्ग मीटर किया गया है।

## 24.95 करोड़ रुपये से किया गया शामली रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास




**नई दिल्ली।** शामली रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया गया है। शामली रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 24.95 करोड़ रुपये के बजट से किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक प्रमुख परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य संपर्क और पहुंच में सुधार के इरादे से देश भर के रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है। कुल मिलाकर, अमृत भारत स्टेशन योजना एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत में रेलवे प्रणाली का उपयोग करने वाले लाखों लोगों को लाभान्वित करेगी। इस योजना की परिकल्पना यात्रियों को सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गई है। इससे यात्रियों का यात्रा अनुभव बेहतर होगा। इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आसपास के क्षेत्रों से जोड़ना और यात्रियों को बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए इन क्षेत्रों का विकास करना है।

**रेलगाड़ी का अस्थायी विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित रेलगाड़ी सं. 64167 / 64168 गाजियाबाद–टूण्डला जं.–गाजियाबाद ईएमयू का **आगरा सिटी तक 15.07.2026** से अगले आदेश तक अस्थायी विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

**रेलगाड़ी सं. 64167/64168 गाजियाबाद-आगरा सिटी-गाजियाबाद ईएमयू (प्रतिदिन)**

| वर्तमान 64167 गाजियाबाद–टूण्डला | | विस्तारित 64167 गाजियाबाद–आगरा सिटी | | ↓ स्टेशन ↑ | विस्तारित 64168 आगरा सिटी–गाजियाबाद | | वर्तमान 64168 टूण्डला जं.–गाजियाबाद | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:10 | --- | 06:10 | गाजियाबाद | 19:50 | --- | 19:50 | --- |
| 11:25 | --- | 11:25 | 11:35 | टूण्डला जं. | 15:30 | 15:40 | --- | 15:40 |
| --- | --- | 11:47 | 11:48 | एत्मादपुर | 15:01 | 15:02 | --- | --- |
| --- | --- | 12:05 | 12:06 | छलेसर | 14:43 | 14:44 | --- | --- |
| --- | --- | 12:13 | 12:14 | जबलपुर | 14:35 | 14:36 | --- | --- |
| --- | --- | 12:45 | --- | आगरा सिटी | --- | 14:20 | --- | --- |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2414/2026
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता–पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र में पंजाब लिख रहा है नया अध्यायः अमन अरोड़ा




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चार-दिवसीय भारत टेक्स 2026 के दौरान आज पंजाब को निवेश के लिए पसंदीदा स्थान के रूप में पेश करते हुए राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता संभालने के बाद राज्य को 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। श्री अमन अरोड़ा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'पंजाब भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिख रहा है और हम टेक्सटाइल क्षेत्र में नई छलांगें लगा रहे हैं। पिछले चार वर्षों में उद्योगों द्वारा हमारी उद्योग-अनुकूल नीतियों के प्रति दिखाए गए विश्वास के कारण 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हम पारंपरिक क्षमताओं से प्रौद्योगिकी के उपयोग की ओर बढ़ रहे हैं और पंजाब को भविष्य के लिए तैयार एवं वैश्विक स्तर पर एकीकृत टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं।'

## स्वानिक गोयल का एशियाई ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र स्वानिक गोयल ने 26वें एशियाई भौतिकी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉनरेबल मेंशन अवार्ड प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। 26वां एशियाई भौतिकी ओलंपियाड 17 मई से 25 मई 2026 तक दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित किया गया, जिसमें एशिया और प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। स्वानिक गोयल की यह उपलब्धि और भी विशेष है क्योंकि वह एपीएचओ के इतिहास में कक्षा 10 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल तीसरे छात्र बने हैं। इतनी कम उम्र में एशिया स्तर की इस प्रतिष्ठित भौतिकी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनकी असाधारण प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। स्वानिक गोयल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हॉनरेबल मेंशन अवार्ड हासिल किया।

## शब्द पहेली - 6287




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर–2
3.बड़ी सवारी गाड़ी–2
5.डोर–2
7.हरे रंग का–2
9.शक,संदेह–3
11.विस्फोटक –2
13.बड़ी नाली–2
15.नमस्कार,नमस्ते–3
17.प्राण–2
19.लक्ष्मी,कमला–2
22.बल,दम–3
24.ठाठ–बाट–2
26.पिता–2
28.कसर–2
30.कुमारी,तरुणी–3
32.जी,चित–2
34.नाखून–2
36.पढ़ने वाला–3
38.उद्देश्य–2
41.मोटा आटा–2
43.नामित–3
45.नर का विलोम–2
47.उर्वरक–2
49.भीगा हुआ–2
51.गिरवी वस्तु–3
53.मनमौजी–2
55.सम्मान–2
57.ले जाने वाला–3
60.आनंद,मजा–2
62.दोस्त,सखा–2
64.निर्माण–3
66.सदैव,हमेशा–2
67.नेत्र,नयन–2
68.आकाश,गगन–2
69.लाख,गोंद–2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी–2)
2.भगिनी,दीदी–3
4.सभी–2
6.गीत गायन–2
8.मार्ग,रास्ता–2
10.मां का दुलार–3
12.आनंद,रस–2
14.थूक,लेस–2
16.अनुकृति–3
18.सरुर,खुमार–2
20.मां,मदर–2
21.घ्राणेंद्रिय–2
23.चरण तल–3
25.भीगा हुआ–2
27.देह,काया–2
29.मछली–2
31.नृत्य करना–3
33.टौंटी,नलका–2
35.गधा,गर्दभ–2
37.कटि–3
39.माफी–2
40.दोस्त,मित्र–2
42.वायु,गैस–2
44.कॉफी–3
46.मूल्य–2
48.जोर,बल–2
50.लक्ष्मी–2
52.जलमार्ग–3
54.स्थिति–2
56.नवीन–2
58.कूड़ा–3
59.नौकर–2
61.सत्य–2
63.दौड़ना–2
65.गर्भनाड़ी–2

**शब्द पहेली- 6286 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |



# 21 साल बाद अर्जेंटीना और इंग्लैंड में भिड़ंत

## सेमीफाइनल में आज मेस्सी और केन होंगे आमने-सामने









एजेंसी ▶▶| अटलांटा

अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की बहुचर्चित प्रतिद्वंद्विता बुधवार को जब विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में फिर से जीवंत होगी तो सबकी नजर इस पर टिकी रहेगी कि इसमें लियोनेल मेस्सी के पांवों का जादू चलेगा या हैरी केन का करिश्मा। मेस्सी ने अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में 8 गोल करके अर्जेंटीना की जीत में अहम भूमिका निभाई है तो केन भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं है, जिन्होंने छह गोल दागे हैं। यह दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आमने-सामने होंगे क्योंकि दोनों टीम के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ है।

### अर्जेंटीना को करना पड़ा उतार-चढ़ाव का सामना

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की टीम को हाल के मैचों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीतने वाले अर्जेंटीना का केप वर्दे के खिलाफ मैच अतिरिक्त समय तक खिंचा। इसके बाद उसे मिस्र और स्विट्जरलैंड को हराने में भी संघर्ष करना पड़ा। अर्जेंटीना विश्व कप में 12 मैचों से अजेय है। इंग्लैंड ने भी अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने अंतिम 16 के मैच में मैक्सिको को 3-2 से हराया और फिर नॉर्वे के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बाद बेलिंगहम के दो शानदार गोल की मदद से 3-2 से जीत हासिल की।

### राइट- बैक इंग्लैंड टीम की समस्या

इंग्लैंड की राइट-बैक की समस्या अभी भी बनी हुई है। जेरेल क्वांसा निलंबित हैं और चोटिल रीस जेम्स को शुरुआती लाइनअप में शामिल किए जाने की संभावना बहुत कम है। ऐसे में एजरी कोंसा या जेड स्पेंस को अर्जेंटीना की तरफ से बाएं छोर से होने वाले आक्रमण के खिलाफ मोर्चा संभालना होगा। अर्जेंटीना के सभी खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध हैं, जिससे उसके कोच लियोनेल स्कालोनी के लिए शुरुआती एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। उन्हें यह तय करना है कि अपने करिश्माई कप्तान मेस्सी के साथ जूलियन अल्वारेज को खिलाया जाए या लोटारो मार्टिनेज को।

### इंग्लैंड के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की परीक्षा

केन को जूड बेलिंगहम (छह गोल) का भी अच्छा साथ मिला है। इंग्लैंड की टीम के लिए, जहां मेस्सी को रोकना एक चुनौती होगी वहीं केन और बेलिंगहम के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। बेलिंगहम बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और अर्जेंटीना को उनसे सतर्क रहना होगा। इन दोनों देशों के बीच वर्षों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए मैच के दौरान तनाव भी होने की संभावना है। फिर चाहे वह 1966 में खेले गए विश्व कप में अर्जेंटीना के तत्कालीन कप्तान एंटोनियो रैटिन को बाहर भेजने का मामला हो या फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुआ संघर्ष, इन दोनों देशों के बीच फुटबॉल के मैदान के अंदर और बाहर तनाव देखने को मिला है।

### यादगार है 1986 में माराडोना का 'हैंड ऑफ गॉड' गोल

जब इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच मैच की बात हो तो फिर विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के 'हैंड ऑफ गॉड' गोल को कैसे भुलाया जा सकता है। उनके इस गोल के दम पर अर्जेंटीना जीत हासिल करने में सफल रहा था। इसके बाद 1998 में डेविड बेकहम को बाहर भेजे जाने और इसके चार साल बाद इस स्टार खिलाड़ी के फ्री किक पर किए गए गोल ने प्रतिद्वंद्विता को चरम पर पहुंचाया। इन दोनों टीम ने अभी तक अजेय रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### मिडफील्ड में होगा रोमांचक मुकाबला

इस मैच में मिडफील्ड में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड को अपना पूरा ध्यान मेस्सी पर लगाने से बचना होगा, जो एंज़ो फर्नांडीज और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के साथ मिलकर इंग्लैंड की रक्षात्मक पंक्ति को भेदने और उनके आक्रामक डिफेंस के पीछे मौजूद खाली जगह का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल की रणनीति रक्षात्मक चूक को कम करने को प्राथमिकता देनी होगी। डेक्लान राइस और कोबी मैनू की मेस्सी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## खबर संक्षेप

### स्क्वाश पीएसए चैलेंजर से सान्या वत्स बाहर

**चेन्नई।** भारत की चौथी वरीयता प्राप्त सान्या वत्स एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मिस्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त रुकाइया ओथमान से हार गईं। इंडियन स्क्वाश अकादमी में खेले गए मैच में वत्स को मिस्र की खिलाड़ी से 4-11, 2-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य सेमीफाइनल में कोरिया की ह्वायेओंग ईम ने मिस्र की हाना अलादीन को 11-9, 9-11, 2-11, 11-4, 11-6 से हराया।

### जूडो महासंघ को मिली सशर्त मान्यता

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय जूडो महासंघ (जेएफआई) के अंतरिम निकाय को सशर्त मान्यता दे दी है, जिसका चुनाव दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पिछले महीने हुआ था। मंत्रालय ने इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर वह अदालत के निर्देशों का पालन नहीं करेगा तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। जेएफआई का संचालन 2022 से अदालत से नियुक्त प्रशासक कर रहे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल फरवरी में अपने फैसले में निकाय को वार्षिक आम बैठक बुलाने और इस साल की शुरुआत में लागू किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के लिए कहा था।

# गिल-अक्षर के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे जीता

**गिल-वॉशिंगटन की फिफ्टी इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया**

**अक्षर ने 57* रन बनाए और चार विकेट झटके**

भाषा ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन मैदान पर अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए 80 रन की आकर्षक पारी खेली जिसकी बदौलत भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में मंगलवार को पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर इस दौरे की पहली जीत दर्ज की। हरफनमौला अक्षर पटेल ने भी बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले चार विकेट लेकर इंग्लैंड को 258 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई और फिर 52 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाकर लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके साथ वाशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद 52 रन बनाए। जीत के लिए 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में चार विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला अपने कनाम किया। एक समय टीम का स्कोर 160 रन पर चार विकेट था, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर और वाशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी कर भारत को आसान जीत दिला दी। गिल शानदार लय में दिखे और 75 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके तथा एक छक्का लगाया। शतक के करीब पहुंचने से पहले उन्हें पिंडली और मांसपेशियों में ऐंठन के कारण वह रिटायर हर्ट हो गए। इस जीत के साथ भारत ने ब्रिटेन दौरे पर जीत का खाता खोला। इससे पहले टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में हार का सामना करना पड़ा था।



### 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक'

*भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने।*

# 77 रन पर ढेर पूरी टीम, 6 ओवर में खत्म हो गया टी-20 मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में एक बेहद एकतरफा और हैरान करने वाला मैच देखने को मिला। इस मुकाबले में बेल्जियम ने हंगरी के खिलाफ 10 विकेट से एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज की। हंगरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 77 रनों पर ढेर हो गई, जिसके बाद बेल्जियम ने महज 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया।

**बेल्जियम ने हंगरी को 10 विकेट से हराया**

### हंगरी की बैटिंग फेल

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हंगरी की शुरुआत बेहद खराब रही। बेल्जियम के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने हंगरी का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टीम की तरफ से जाहिर सफी मोहम्मद ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों में 20 रन बनाए। उनके अलावा मोहम्मद माज भाईजी ने 11 और कप्तान विनोद रविंद्रन ने 10 रनों का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका और पूरी टीम 19.3 ओवरों में 77 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

# आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग : मानव-मानुष बने वर्ल्ड नंबर-2, शीर्ष 10 में तीन भारतीय जोड़ियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जब नवीनतम आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में भारत की तीन युगल जोड़ियों ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। भारतीय युगल जोड़ियों की अगुआई मानव ठक्कर और मानुष शाह कर रहे हैं , जो पुरुष युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं, जो किसी भी युगल वर्ग में किसी भारतीय जोड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। महिला युगल में दीया चितले और यशस्विनी घोरपडे दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के रूप में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। मिश्रित युगल में दीया और मानुष दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी है। यह पहली बार है जब भारत की तीन जोड़ियों ने विश्व रैंकिंग में एक साथ शीर्ष 10 में जगह बनाई है।



### भारत की जोड़ियां दे रही पारंपरिक दिग्गजों को टक्कर

*यह उपलब्धि युगल खेलने वाले सबसे मजबूत देशों में भारत की बढ़ती अहमियत को दिखाती है क्योंकि भारत की जोड़ियां लगातार चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसे पारंपरिक दिग्गजों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। यह उपलब्धि खेल के लिए एक अहम मोड़ पर भी आई है क्योंकि लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में युगल वर्ग की ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी होने वाली है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस स्पर्धा का महत्व बढ़ गया है।*

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला बराबर कर ली। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 63 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 36 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए भी टर्न लेती पिच पर छोटे लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उसका स्कोर भी एक समय पांच विकेट पर 96 रन था। उसके बाद टॉम लैथम (नाबाद 37) ने मार्क ब्रैसवेल (नाबाद 24) के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 104 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 32.4 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। न्यूजीलैंड की यह वनडे में 400वीं जीत थी जिससे उसने पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया।



**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmomalhar@rediffimail.com

क्र./969/ई-निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 14/07/2026

**अष्ठम ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-एच (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195443 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-H) (Lumpsum Rate) (8TH call | 14.07.2026 17.30 बजे से | 24.07.2026 17.30 बजे | 28.07.2026 16.00 बजे | 28.07.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबंन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in अथवा www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

**जापान ओपन: सिंधू ने मलेशिया की चिंग को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह**

# सिंधू ने सीधे गेम में मारी बाजी, कोर्ट से हटी स्टार जोड़ी

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया।



### कपिला और तनीशा की दूसरे दौर में एंट्री

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले ही दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 11-21, 10-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### सिंधू ने बनाए रखा अपना दबदबा

विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज सिंधू ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को 21-14 21-11 से हराया। सिंधू ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। सिंधू ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे। एक सीधे शॉट से सिंधू को सात गेम प्वाइंट मिले, और उन्होंने दूसरे पर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

विदेश मंत्री ने यूएन मुख्यालय में 2028-29 के लिए यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत का अभियान जारी करते हुए दी यह जानकारी

# सुरक्षा परिषद में नियम आधारित समुद्री व्यवस्था नाविकों की सुरक्षा रहेगी भारत की प्राथमिकता: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया युद्ध के मध्य होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते हमलों में मारे गए कई भारतीय नाविकों के मामले के बाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पुरजोर अंदाज में कहा कि वह एक मुक्त, खुली हुई, नियम आधारित समुद्री व्यवस्था के साथ ही नाविकों की सुरक्षा और आतंकवाद के वित्तपोषण पर लगाम लगाने जैसे मामलों को उचित प्राथमिकता दिलाने का प्रयास करेगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के मौजूदा दौर में समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए यूएन समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के साथ वैश्विक कानूनों का पालन अनिवार्य है। यह जानकारी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बीते सोमवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वर्ष 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अस्थायी सदस्यता के लिए नई दिल्ली के आधिकारिक चुनाव अभियान को लांच करते हुए दी है। कार्यक्रम में यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि-राजदूत पी. हरीश व कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि विदेश मंत्री बीते 5 जुलाई से 6 देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसमें खाड़ी क्षेत्र से होते हुए वह न्यूयॉर्क पहुंचे और फिर इस कार्यक्रम में शिरकत की। अमेरिका के बाद वह बेल्जियम जाएंगे। जहां भारत-ईयू वार्ता और बेल्जियम के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी मुलाकात होगी।

**भारत 8 बार रह चुका अस्थायी सदस्य:** भारत यूएनएससी में अब तक कुल 8 बार गैर-स्थायी सदस्य रह चुका है। आखिरी बार 2021-22 में उसने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली थी। विदेश मंत्री ने कहा, भारत परिषद के सामने अपनी उम्मीदवारी एक ऐसे समय में पेश कर रहा है। जब दुनिया एक गंभीर विरोधाभास का सामना कर रही है। मानव कल्याण के लिए कई क्षमताएं मौजूद हैं। वहीं, दूसरी ओर संघर्ष, हिंसा और अस्थिरता का स्तर भी गंभीर रूप से चिंता पैदा करता है। यह ऐसे मसले हैं, जिनका प्रभाव केवल भारत पर ही नहीं बल्कि दूरदराज के देशों तक पड़ रहा है।



### वैश्विक दक्षिण की उठाएंगे आवाज

उन्होंने कहा कि एक उम्मीदवार के रूप में परिषद के सदस्य देश यह जानना चाहेंगे कि अपने कार्यकाल के दौरान नई दिल्ली का क्या योगदान रहेगा? जिसका एक पक्ष हमारी प्राथमिकताओं और दूसरा हमारे सिद्ध कार्य रिकॉर्ड से जुड़ा है। यही वैश्विक समुदाय को निर्णय करने का आधार प्रदान करता है। इन सबके बीच भारत का लक्ष्य एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण व न्यायसंगत दुनिया के निर्माण के लिए कार्य करना है। यह एक ऐसी दुनिया होगी जहां वैश्विक दक्षिण देशों की आवाज को समान रूप से महत्व मिलेगा। शांति स्थापना अभियान भावी चुनौतियों के तहत सशक्त बनाए जाएंगे, समकालीन हकीकत के हिसाब से बहुपक्षवाद प्रभावी समाधान प्रस्तुत करे। यह तमाम प्राथमिकताएं एक बड़े उद्देश्य का हिस्सा हैं।

**यूएन को करना पड़ेगा नेतृत्व:** उन्होंने उक्त परिस्थितियों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि इनसे निपटने के लिए यूएन को नेतृत्व करना होगा। साथ ही सुरक्षा परिषद को बेहद अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। ऐसे में यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। समुद्री सुरक्षा के मद्देनजर हमारा देश समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी रोधी अभियानों में निरंतर रूप से अहम योगदान दे रहा है। भारतीय नौसेना, अन्य समुद्री सुरक्षा बल हिंद-प्रशांत क्षेत्र, उत्तरी-दक्षिणी अरब सागर, अदन की खाड़ी, मलक्का जलडमरूमध्य सहित गिनी की खाड़ी वाले समुद्री मार्गों की सुरक्षा को बनाए रखने में तैनात हैं।

**संवाद-कूटनीति से निकलेगा समाधान :** विदेश मंत्री ने बताया कि भारत वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत का महज प्रचार नहीं करता। बल्कि उसे अपने व्यवहार में भी उतारता है। संघर्षों, तनावों से भरी दुनिया में हमने हमेशा संवाद, कूटनीति के साथ वैश्विक दक्षिण के हितों की रक्षा का मार्ग अपनाया है।

**यूं महत्वपूर्ण हो गए वैश्विक कानून :** जयशंकर के मुताबिक, यूएन में भारत की कोशिश 'शांति' के दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहेगी। जिसे हम मानदंड, विश्वास और अखंडता के जरिए समग्र प्रगति के रूप में परिभाषित करते हैं। यूएन में देश की अन्य प्राथमिकताओं में समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा, वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त बनाना, बहुपक्षवाद में सुधार, भावी शांति स्थापना अभियान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गलत इस्तेमाल से उत्पन्न खतरों के समाधान जैसे मुद्दों को भी प्राथमिकता में जगह दी जाएगी।

**निर्बाध समुद्री व्यापार बनाए रखना जरूरी:** उन्होंने कहा कि दुनिया के तमाम देशों के साझा हित सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार को बनाए रखने में है। इसके अलावा समुद्री डकैती से निपटने के लिए सशक्त देशों को एकजुटता से सहयोग करना चाहिए। खाड़ी में बने हुए हालात ने नाविकों की सुरक्षा को एक जटिल वैश्विक चिंता बना दिया है। नई दिल्ली लंबे वक्त से खोज-बचाव अभियान, मानवीय सहायता, आपदा राहत, क्षमता निर्माण को लेकर आदान-प्रदान में सक्रिय भूमिका निभाता आई है। अब परिषद में अपने आगामी कार्यकाल के दौरान भी वह इन मामलों को महत्व दिलाने की कवायद में जुटेगी।

### प्रभुत्व से शांति संभव नहीं

हालिया घटनाओं ने यह साफ किया है कि शांति, प्रगति और समृद्धि को अलग-अलग रूप में बनाए नहीं रखा जा सकता है। आपूर्ति श्रृंखलाएं, प्रौद्योगिकी और संचार हमें गहराई से जोड़ते हैं। जिसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में सम्मान, नियम पालन तथा सामूहिक प्रगति आवश्यक है। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि शांति ताकत के बल पर यानी प्रभुत्व से नहीं बल्कि सहभागिता से मजबूत होती है। दुनिया सामान्य तौर पर बहुलतावादी होने के साथ ही यूएन, संप्रभु समानता के सिद्धांत पर आधारित है। जिसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय महत्व के निर्णय विस्तृत रूप से विचार-विमर्श के साथ ही लिए जाने चाहिए।

### 100 प्लस देशों संग विकास साझेदारी

भारत की 100 से ज्यादा देशों के साथ विकास साझेदारी, 79 देशों में वित्तपोषित परियोजनाएं चल रही हैं। वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार समय की दरकार है। बहुपक्षवाद लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्व अधिक प्रभावी होना चाहिए। देशों के दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। लेकिन भारत की पहचान सहमति बनाने, मतभेदों को दूर करने की रही है। यूएन की स्थापना के साथ ही हमने शांति स्थापना को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है, 3 लाख सैनिक 50 मिशन में भेजे हैं। आज के दौर में भारत के 4 हजार 300 से ज्यादा शांति सैनिक 10 सक्रिय मिशन में तैनात हैं। महिला शांति, सुरक्षा के मामले को भी हम आगे बढ़ाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने मानव केंद्रित एआई का दृष्टिकोण सबके सामने रखा है।

## पाक गैंगस्टर भट्टी के संपर्क में थे पुणे के 66 लोग!

**पुणे** । पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर एटीएस ने सोमवार को पुणे जिले में बड़ा अभियान चलाया। एटीएस की टीमों ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 66 लोगों से पूछताछ की। एटीएस ने बताया कि शुरुआती जांच में इन लोगों के सोशल मीडिया के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के संकेत मिले हैं। पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खाते, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। कहीं इन लोगों का इस्तेमाल कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेलने, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने या किसी संगठित नेटवर्क से जोड़ने के लिए तो नहीं किया।







# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Delhi. * This exchange scheme is valid across India till 31st March, 2027 and is available exclusively through authorised TVS main dealers (AMDs) and authorised TVS dealers (ADs). ^ Colours available in TVS XL100 Heavy Duty Alloy variant. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किराड़ी 9821274603 बवाना-9821276084 कराला-9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पूरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाहीन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अंधेरीमोड़: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर -08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: माल्का गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर-9870327453 KK TVS: नांगलोई - 9821271618 विकास नगर रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ़- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, वज़ीराबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बता रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.

dentsu/hb del/05/26